

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

MPHIN/2021/83938

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 221 | ग्वालियर गुरुवार, 1 जून 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## न्यूज ट्रैक

### दिल्ली में मीनाक्षी लेखी ने नेपाल पीएम का किया स्वागत



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड चार दिवसीय भारत के दौरे पर हैं. पदभार ग्रहण करने के बाद नेपाल के पीएम प्रचंड बुधवार को नई दिल्ली पहुंचे. दिल्ली एयरपोर्ट पर केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने उनका स्वागत किया है. बताया जा रहा है कि भारत और नेपाल के बीच और मजबूत संबंध होंगे और दोनों देशों में कई मुद्दों पर विस्तार से चर्चा भी होगी. नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड के भारत दौरे को लेकर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने ट्वीट कर कहा कि यह यात्रा भारत नेपाल के घनिष्ठ और अनूठे संबंधों को नई गति प्रदान करेगी. वहीं, भारत दौरे पर काठमांडू में विदेश मंत्रालय ने कहा था कि पीएम पुष्प कमल दहल के साथ उनकी बेटी गंगा दहल और विदेश मंत्री प्रकाश शरण महत का आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल भी आ रहा है, जिसमें वित्त मंत्री शक्ति बासनेत, ऊर्जा मंत्री प्रकाश ज्वाला, परिवहन मंत्री रमेश रिजाल समेत अन्य उच्चाधिकारी शामिल हैं. भारत में प्रधानमंत्री प्रचंड और प्रधानमंत्री मोदी के बीच व्यापार बिजली समेत द्विपक्षीय हितों और चिंताओं के सभी पहलुओं पर विचार विमर्श होंगे. साथ ही भारतीय निवेश को नेपाल के ऊर्जा और पनबिजली क्षेत्र, व्यापार और परिवहन एवं वायुमार्ग में बढ़ावा देने पर भी चर्चा होगी. नेपाल पीएम 3 जून को अपने देश लौटेंगे. बीते वर्ष दिसंबर में सत्ता की कमान संभालने के बाद उनका यह पहला अधिकारिक दौरा है.

### मंत्री के छापेमारी कर रहे आईटी अधिकारियों को मिलेगी सीआरपीएफ सुरक्षा

**चेन्नई।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) उन आयकर अधिकारियों को सुरक्षा प्रदान करेगा, जो शनिवार को राज्य के बिजली राज्य मंत्री सेंथिल बालाजी के परिसरों पर छापेमारी कर रहे हैं। यह फैसला चार आईटी अधिकारियों पर हमले के बाद हुआ, जो चेन्नई और करूर में बालाजी के परिसरों पर तलाशी और छापे मार रहे थे। उनका करूर के सरकारी अस्पताल के गहन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) में इलाज चल रहा है। करूर पुलिस ने घटना के सिलसिले में पहले ही चार मामले दर्ज कर लिए हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने मंत्री सेंथिल बालाजी, उनके भाई अशोक और करूर गिरोह के परिसरों पर छापेमारी करते हुए राज्य सरकार से अधिकारियों पर हमले की जिम्मेदारी लेने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी कहा कि सरकारी शराब की दुकानों पर ओवरचार्जिंग की मीडिया रिपोर्टें के बाद आईटी छापे पड़ रहे हैं।

### कनाडा में भारतीय छात्रा की हत्या के आरोपी व्यक्ति पर मुकदमा चलेगा



**टोरंटो।** कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में साल 2022 में एक भारतीय छात्रा की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में आरोपी व्यक्ति पर सेकेंड डिग्री मर्डर के आरोप में मुकदमा चलेगा। एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। 26 फरवरी 2022 को 24 वर्षीय हरमनदीप कौर पर ब्रिटिश कोलंबिया विश्वविद्यालय के ओकनगन कैंपस में हमले के बाद, मेंटल हेल्थ एक्ट के तहत 23 वर्षीय डांटे ओग्निबिन-हेब्बॉर्न को गिरफ्तार किया गया था। एक महीने बाद, डांटे पर कौर की हत्या का आरोप लगाया गया और तब से वह हिरासत में है। ग्लोबल न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, अब सुनवाई की तारीख तय करने के लिए उसके 12 जून को फिर से अदालत में पेश होने की उम्मीद है। कौर पढ़ाई के साथ-साथ ब्रिटिश कोलंबिया विश्वविद्यालय के ओकनगन परिसर में एक सुरक्षा गार्ड के रूप में भी काम करती थी, इसी दौरान उस पर जानलेवा हमला हुआ था। कौर 5 साल से अधिक समय से कनाडा में रह रही थी और एक पैरामेडिक बनना चाहती थी। कौर के परिवार के सदस्यों ने कहा कि उसकी मौत के कुछ हफ्ते पहले ही उसे अपना स्थायी निवास कार्ड मिला था। कौर को सम्मानित करने के लिए पिछले साल विश्वविद्यालय परिसर में सैकड़ों लोग जमा हुए थे।

### पश्चिम सिंहभूम में पेड़ से लटकी मिली युवा जोड़े की लाशें



**रांची।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के बोड़ाम थाना क्षेत्र में एक युवा जोड़े की लाशें पेड़ से लटकी पाई गई हैं। ग्रामीणों का कहना है कि दोनों एक-दूसरे से प्यार करते थे। शादी नहीं हो पाने की वजह से दोनों ने पेड़ से लटककर खुदकुशी कर ली। इस बाबत अस्वाभाविक मौत का मामला दर्ज किया गया है और मामले की तफ्तीश की जा रही है। मृतकों के नाम निंदा सिंह और कुनी बिरुआ है। बोड़ाम थाना क्षेत्र के बोंटा गांव में बुधवार को दोनों की लाशें एक महुआ पेड़ से लटकते देख सनसनी फैल गई। निंदा सिंह की उम्र 23 वर्ष थी जबकि उसकी प्रेमिका कुनी बिरुआ की थी। गांव के लोगों ने पुलिस को बताया है कि दोनों के बीच कई वर्षों से प्रेम संबंध चल रहा था और दोनों शादी के बंधन में बंधना चाहते थे पर दोनों के परिजन इसके लिए राजी नहीं थे। पुलिस ने दोनों के शव पेड़ से उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए एमजीएम मेडिकल कॉलेज भेज दिया है और घटना की जांच में जुट गयी है।

# बेटी पर चाकू से किए 25 वार, देश में दिल्ली जैसी एक और घटना

**दिल्ली।** देश में बेटियों पर जैसे आफत सी आ गई है. राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के शाहबाद डेयरी इलाके में घटी नाबालिग लड़की की निर्मम हत्या की गूंज अभी शांत नहीं हुई थी कि गुजरात में सूरत से एक और डराने वाली खबर सामने आई है. यहां पुलिस ने एक शख्स को गिरफ्तार किया है. शख्स ने अपनी बेटी पर चाकू से 25 बार हमला कर दिया. इस बीच जब उसकी पत्नी बचाव में आई तो आरोपी ने उस पर भी चाकू से जानलेवा हमला कर दिया. हमले में महिला की दो उंगलियां भी कट गई. यह पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. घटना का कारण घेरलू विवाद बताया जा रहा है.




### छोटी से बात पर शुरू हुआ विवाद

हमलावर की पहचान रामानुज के रूप में हुई है. रामानुज अपने परिवार के साथ सूरत की सत्या नगर सोसायटी में रहता है. घटना की जांच कर रहे पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी का अपनी पत्नी के साथ इस बात पर झगड़ा हो गया कि उनकी बेटी टेरेस पर क्यों सो रही है. कहासुनी से शुरू हुआ विवाद अचानक हिंसा में बदल गया. जैसा कि वीडियो में नजर आ रहा है रामानुज पहले तो अपने बच्चों के सामने ही चाकू लेकर अपनी पत्नी की ओर को झपटा. इस बीच महिला के घायल होने पर उसके बच्चों ने आरोपी पिता को काबू करने का प्रयास किया और उसको दबोच कर जैसे-तैसे अपनी मां की जान बचाई. लेकिन आरोपी ने बच्चों के साथ भी धक्का-मुक्की करते हुए उनपर भी चाकू से हमला कर दिया.

### पकड़ में आई बेटी, चाकू से किया हमला

इस धक्का-मुक्की में आरोपी ने अपनी बेटी को पकड़ लिया और उस पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया. पिता के सिर पर खून सवार देख बेटी अपनी जान बचाने को एक कमरे में घुस गई, लेकिन आरोपी उसका पीछा करता हुआ कमरे तक पहुंच गया और चाकू से वार कर उसकी हत्या कर दी. बेटी की हत्या करने के बाद आरोपी टेरेस पर पहुंचा और पत्नी पर हमला करने लगा. तभी वहां मौजूद दूसरे बच्चों ने पिता के धक्का देकर मां की जान बचाई. आरोपी पिता के साथ छूटछुटाव में बच्चे भी जख्मी हो गए. घटना की सूचना मिलने पर सूरत पुलिस ने आरोपी को हिसासत में ले लिया. पुलिस ने वारदात में शामिल चाकू भी बरामद कर लिया. एसएचओ आरके पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है. उसके खिलाफ हत्या और हत्या का प्रयास की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है.

## बृजभूषण सिंह के खिलाफ जांच जारी



**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ जांच में पर्याप्त सबूत न होने की खबरों का दिल्ली पुलिस ने बुधवार को बयान जारी कर खंडन किया है. दिल्ली पुलिस ने कहा कि महिला पहलवानों द्वारा दर्ज केस अभी विवेचना के अधीन हैं. उक्त मुकदमों में जांच के बारे में माननीय न्यायालय के समक्ष स्टेट्स रिपोर्ट्स दाखिल की जा रही है. उपरोक्त केस जांच में होने के चलते अदालत में रिपोर्ट दाखिल होने से पहले कुछ भी कहना प्रक्रिया विरुद्ध होगा. यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर ङ्खस्नढ्ढ के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ पहलवानों के विरोध पर केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने मीडिया से कहा कि पहलवानों को दिल्ली पुलिस की जांच पूरी होने का इंतजार करना चाहिए और ऐसा कोई कदम नहीं उठाना चाहिए, जिससे खेल या महत्वाकांक्षी पहलवानों को कोई नुकसान हो. हम सभी खेल और खिलाड़ियों के पक्ष में हैं. आपको बता दें कि पहलवानों द्वारा बृजभूषण सिंह के खिलाफ दर्ज केस में दिल्ली पुलिस को सबूत मिलने की खबर सामने आई थी. इसे लेकर दिल्ली पुलिस के टॉप सोर्स ने ढ्ढ को बताया था कि हमें अब तक बृजभूषण सिंह को गिरफ्तार करने के लिए पर्याप्त सबूत नहीं मिले हैं. हम 15 दिनों के अंदर अदालत में अपनी रिपोर्ट दाखिल कर देंगे. यह चार्जशीट या अंतिम रिपोर्ट हो सकती है. पहलवानों के दावे को साबित करने वाला कोई सबूत नहीं मिला है. ये खबर सामने आने के बाद प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा था कि दिल्ली पुलिस ने कह दिया कि उनके पास सबूत नहीं हैं... जब सीएए का विरोध हो रहा था, जब शाहीन बाग हो रहा था तब सब लोग बैठकर तमाशा देख रहे थे. किसानों का जब आंदोलन हो रहा था सब लोग तब बैठकर तमाशा देख रहे थे. अब देखिए क्या हो रहा है. अब पहलवानों के मामले पर दिल्ली पुलिस और केंद्र सरकार को ही बताना होगा.

## गुवाहाटी दुर्घटना मामला : मंत्री ने कहा- असम के सभी इंजीनियरिंग कॉलेजों की जांच होगी

**गुवाहाटी।** असम इंजीनियरिंग कॉलेज (एईसी) के 7 छात्रों की एक कार दुर्घटना में मौत के बाद संस्थान प्राधिकरण ने कॉलेज के हॉस्टलों के लिए कुछ सख्त नियम निर्धारित किए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, सोमवार आधी रात को एक कार दुर्घटना में सात छात्रों की मौत हो गई थी। राज्य के शिक्षा मंत्री रानोज पेगू ने बुधवार को एईसी का दौरा किया और प्रिंसिपल और अन्य फैकल्टी सदस्यों के साथ बातचीत की। उन्होंने कहा कि सरकार ने पहले ही मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं और जांच समिति एक रिपोर्ट सौंपेगी जो राज्य के सभी इंजीनियरिंग कॉलेजों की स्थितियों को कवर करेगी। समिति को एक प्रारंभिक रिपोर्ट दिन के हिसाब से प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है, और एक विस्तृत रिपोर्ट 15 दिनों के भीतर प्रस्तुत की जाएगी। शिक्षा मंत्री ने ट्वीट करते हुए लिखा, असम इंजीनियरिंग कॉलेज का दौरा किया। इस दौरान प्रिंसिपल और हॉस्टल वार्डन से उस दुखद दुर्घटना के बारे में चर्चा की जिसमें एईसी के 7 छात्रों की जान चली गई थी। सरकार ने पहले ही एक जांच शुरू कर दी है। जांच का दायरा राज्य के अन्य सभी इंजीनियरिंगकॉलेजों को भी कवर करेगा। इस बीच, असम इंजीनियरिंग कॉलेज में हॉस्टल के कामकाज के संबंध में कई सवाल उठाए जाने के बाद, प्राचार्य अतुल बोरा ने सभी हॉस्टलों के लिए कठोर दिशा-निदेशरें के साथ एक नोटिस जारी किया। बिना प्रशासन की अनुमति के हॉस्टल से अनुपस्थित पाए जाने वाले बोर्डर्स की निगरानी टीमों द्वारा की जाएगी। हॉस्टलों में प्रतिबंधित व्यक्तियों और सामानों की उपस्थिति के लिए विशेष टीमों द्वारा लगातार जांच की जाएगी।

## प्रधान की लगी जल वाली पाठशाला, पटवारी और सचिव भी बैठे क्लासरूम में

**लखनऊ।** उम्र के 55 वें पड़ाव में हाथों में डायरी, पेन और झोला लिए प्रधान जी बुधवार को लखनऊ की जल वाली पाठशाला में पहुंचे। जनता से विकास और खुशहाली का वादा करके प्रधान जी ने जल जीवन मिशन के जरिए हर घर नल से स्वच्छ जल पहुंचाने के गुर सीखे। इस अनूठे क्लासरूम में आयोजित पाठशालाओं में प्रधान जी के साथ बीडीसी, सचिव, पटवारी समेत ग्राम पंचायत से जुड़े तमाम अधिकारी भी पहुंचे। इस अनूठी पाठशाला में उन्होंने जाना कि कैसे जल जीवन मिशन के जरिए ग्रामीण परिवारों तक स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित हो रही है। इस मिशन में उन्होंने स्वंय की भूमिका और जल गुणवत्ता परीक्षण के महत्व को भी समझा। नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की ओर से पंचायती राज संस्थाओं के सदस्यों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जल जीवन मिशन को जन-जन से जोड़ने के लिए प्रदेश सरकार मिशन मोड में प्रशिक्षण कार्यक्रमों को गति देने का काम कर रही है। जल जीवन मिशन की विशेष पाठशाला में प्रधान, वार्ड मेंम्बर्स, सचिव, बीडीसी मेम्बर्स,



लेखपाल, जिला पंचायत सदस्य, रोजगार सेवक व सोशल वर्कर्स शामिल हो रहे हैं। प्रशिक्षकों द्वारा इन सभी सदस्यों को जल जीवन मिशन के उद्देश्यों, कार्यप्रणाली के साथ ही जल संरक्षण, जल संवर्धन, जल संचयन और जल प्रबंधन के बारे में जानकारी दी जा रही है। बता दें कि प्रदेश के 75 जनपदों में कुल 9,92,920 लोगों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वर्तमान में प्रदेश के 21 जिलों में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की जा चुकी है। प्रतापगढ़, प्रयागराज, हापुड़, फतेहपुर, देवरिया, मथुरा, अलीगढ़, मऊ, अमरोहा, सोनभद्र, मिजार्पुर, भदोही, बलिया, जौनपुर, रामपुर, शाहजहांपुर, पीलीभीत, बंदायू, संत कबीर नगर व हरदोई जनपद में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शेष 54 जनपदों में भी चयनित वर्ग को जल्द प्रशिक्षण दिया जाएगा। जल जीवन मिशन की विशेष पाठशाला से ग्रामीणों को एक ही एक ही छत के नीचे प्रधान, सचिव, पटवारी समेत अन्य अधिकारी मिलने से उनकी की समस्याओं का हल भी तेजी से हो रहा है। क्लास पूरी होने पर ग्रामीण अधिकारियों के सामने अपनी समस्याएं रख पा रहे हैं। जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि हमारी प्राथमिकता है कि जल जीवन मिशन के अर्न्तगत समाज का हर वर्ग प्रधानमंत्री जी की महात्वाकांक्षी हर घर जल योजना से जुड़कर जल संरक्षण, जल संवर्धन के महत्व को समझें। हर घर नल से जल पहुंचाने की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की इस मुहिम में समाज का हर तबका भागीदार बनें। इसको ध्यान में रखते हुए प्रदेश में चरणबद्ध तरीके से प्रशिक्षण प्रक्रिया संचालित की जा रही है।

## 3 विदेशी नागरिक 30 किलो 900 ग्राम एमडीएमए के साथ गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में एक और ड्रग्स की बड़ी खेप पकड़ी गई है। इससे पहले भी 17 मई को उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय मार्केट में कीमत करीब 300 करोड़ की ड्रग्स पकड़ी थी। इस बार फिर पुलिस के हाथ बड़ी सफलता लगी है। इस बार पकड़ी गई ड्रग्स एमडीएमए/मैथ ड्रग्स है। जिसकी अन्तर्राष्ट्रीय कीमत 120 करोड रुपये, ड्रग्स बनाने के उपकरण व रॉ मटेरियल /केमिकल जिससे लगभग 30-40 करोड़ रुपए की सिंथेटिक ड्रग तैयार की जा सकती है। इन सबको मिलाकर कुल 150-160 करोड़ की एमडीएमए/मैथ ड्रग्स व दो कार व 9 मोबाइल, एक डोंगल व चार अदद पासपोर्ट के साथ 3 विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। ग्रेटर नोएडा पुलिस स्वाट टीम ने 17 मई को 9 विदेशी अभियुक्तों को पकड़ा था। जिनमें से एक को पुलिस कस्टडी रिमाण्ड पर लिया गया था। रिमांड के दौरान अभियुक्त चिड़ी इजियागवा की निशादेही पर ही ये दूसरी ड्रग्स फैक्ट्री जो की



ग्रेटर नोएडा के पाश इलाके मित्रा एन्कलेव बी-7 में पकड़ी गयी है। जहां से करीब 30 किलो एमडीएमए/मैथ व ड्रग्स बनाने के उपकरण व रासायनिक पदार्थ व ड्रग्स की सप्लाई मे इस्तेमाल दो अदद कार बरामद हुई है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक अभियुक्तगण अफ्रीकी मूल के निवासी हैं और दिल्ली एनसीआर रीजन में ड्रग्स सप्लाई सिंडीकेट चलाते हैं और यहीं इनका बेस है। हाल में ही ग्रेटर मे पकड़ी गयी ड्रग फैक्ट्री व मित्रा एन्केलव मकान नं0 बी-7 थाना बीटा-2 ग्रेटर नोएडा में इन्होंने अपना एक फैक्ट्री सैटअप बनाया था। जहां से ड्रग्स मैन्यूफैक्च रिंग के बाद यह सिंडिकेट कपडों के निर्यात की आड़ मे कपड़ो के बन्डल के अन्दर छिपाकर ड्रग्स का निर्यात दिल्ली एनसीआर व नोर्थ ईस्ट राज्यों व मुम्बई व मुम्बई बन्दरगाह से कार्गो कम्पनी के माध्यम से विदेश में करते थे। पुलिस ने इस बार 3 लोगो को गिरफ्तार किया है। जिनमें सिमोन, केसिएना, ई सोलोमन को गिरफ्तार किया गया है। सभी नाइजीरिया के रहने वाले है।

## बम को गेंद समझ कर खेल रहे थे बच्चे, छह घायल

**साहिबगंज।** साहेबगंज में बम को गेंद समझकर खेल रहे छह बच्चे घायल हो गए। इनमें से चार बच्चों की स्थिति गंभीर है, जिन्हें इलाज के लिए हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है। घटना साहिबगंज जिले के राजमहल थाना क्षेत्र के खासटोला वार्ड नंबर दस स्थित एक सरकारी जर्जर भवन की है। बच्चे इसी भवन के पास खेल रहे थे। इसी दौरान बच्चों को एक गेंद के आकार की वस्तु दिखी। बच्चे इसे एक-दूसरे के ऊपर फेंकने लगे, तभी जोरदार विस्फोट हो गया। अब स्थानीय थाने के साथ-साथ मोहल्ले के लोग भी इसकी जांच में जुट गए हैं कि आखिर उस स्थान पर बम कैसे पहुंचा और वहां बम किसने रखा? आशंका जताई जा रही है कि आपराधिक किस्म के लोगों ने किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से इस जर्जर सरकारी भवन के कचरे के ढेर में बम को छुपा कर रख दिया था। घटना की सूचना मिलते ही राजमहल थाना प्रभारी कुंदन कांत बड़ी संख्या में पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।




पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस स्थानीय लोगों से यह जानने की कोशिश कर रही है कि आखिर उस जर्जर भवन के समीप बम कैसे आया। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की भी जांच-पड़ताल में जुट गई है। राजमहल थाना प्रभारी ने बताया कि घायल बच्चों में 7 वर्षीय तारीख शेख पिता जियाउल शेख, 9 वर्षीय सरबीन खातून पिता अब्दुल अजीज 7 वर्षीय मोमिना खातून पीता स्वर्गीय अहमद रजा और 8 वर्षीय राकिब शेख पिता अजरुदीन शेख शामिल हैं।

# अजमेर से जनसंपर्क रैली की शुरुआत के पीछे 4 बड़ी वजह

**नई दिल्ली।** राजस्थान के लिए 31 मई का दिन काफी अहम है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यहां के अजमेर शहर से एक बड़ी शुरुआत करने जा रहे हैं. पीएम मोदी अजमेर में आज जनसंपर्क रैली की शुरुआत करेंगे. इस कार्यक्रम को लेकर बीते कई दिनों से तैयारियां की जा रही हैं. इसके साथ ही पीएम मोदी अजमेर से नजदीक पुष्कर स्थित ब्रह्मा के दुनिया में मौजूद इकलौते मंदिर में भी जाएंगे और यहां पूजा अर्चना करेंगे. पीएम मोदी का राजस्थान का ये दौरा साधारण दौरा नहीं है बल्कि इस दौरे के पीछे है उनकी वन मूव में डबल टारगेट की पॉलिसी. यानी एक ही चाल में दोहरे टारगेट को चित करना. आइए जानते हैं मई खत्म होने से पहले ही आखिर क्यों पीएम मोदी ने राजस्थान को चुनकर यहां से जनसंपर्क रैली का आगाज करने का मन बनाया. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजनीति में कभी अपने विरोधियों को हल्के में नहीं लिया है फिर चाहे ये उनके मुख्यमंत्री कार्यकाल की बात की जाए या फिर प्रधानमंत्री बनने के बाद उनके दोहरे कार्यकाल की. अपनी जीत को सुनिश्चित करने के लिए बीजेपी और पीएम मोदी की नीतियां हमेशा विरोधियों से दो कदम आगे रहती हैं. एक चुनाव का परिणाम आने से पहले ही बीजेपी अगले टारगेट की रणनीति बनाने में जुट जाती है जो कमोबेश अन्य विरोधी दलों में कम ही देखने को मिलता है. हालांकि सभी दल इन दिनों मिशन 2024 की तैयारी करते दिख रहे है, लेकिन बीजेपी और पीएम मोदी के मूव इन सभी तैयारियों पर अभी से भारी दिखाई दे रहे हैं. राजस्थान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसंपर्क रैली एक बार फिर उनकी सोची समझी रणनीति की ओर से इशारा कर रही है. राजस्थान में जनसंपर्क रैली




के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पास एक नहीं बल्कि दो बड़ी वजह हैं. पहली इस वर्ष राजस्थान के विधानसभा चुनाव होना है वहीं दूसरी वजह अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव में राजस्थान के रण से ज्यादा से ज्यादा सीटों को बंटोरना. अब समझते हैं आखिर यहां से पीएम मोदी को क्या फायदा होगा.

**1. विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को पटखनी**–पीएम मोदी की राजस्थान में जनसंपर्क रैली की शुरुआत का मकसद प्रदेश में बीजेपी के लिए जमीन को मजबूत करना है. वैसे भी राजस्थान में अल्टरनेट यानी हर बार सरकार बदलने का ट्रेंड है. इस लिहाज से तो बीजेपी का पलड़ा भारी नजर आता है. लेकिन एक और वजह भी है और वो है कांग्रेस में चल रहा अंदरुनी कलह. सीएम अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच चल रही खींचतान किसी से छिपी नहीं है. ऐसे में बीजेपी और खास तौर पर पीएम मोदी के लिए ये वक्त सबसे मुफीद है ताकि वे राजस्थान में कांग्रेस को लेकर उठे तूफान का फायदा उठा सकें और विधानसभा चुनाव में अपनी जीत को मजबूती के साथ सुनिश्चित कर सकें.

**2. कर्नाटक की हार का बदला**–कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी की सरकार थी, जिसे कांग्रेस ने पूर्ण बहुमत के साथ हासिल कर लिया है. लिहाजा बीजेपी और पीएम मोदी चाहेंगे कि कांग्रेस के किले में सेंध लगाकर कर्नाटक की शिकस्त का बदला ले सकें. ऐसे में बीजेपी के सामने सबसे सॉफ्ट टारगेट राजस्थान ही है. कांग्रेस के दो किलों छत्तीसगढ़ और राजस्थान में से राजस्थान को ढहाना बीजेपी के लिए ज्यादा आसान लग रहा है.

**3.लोकसभा चुनाव में ज्यादा सीटों पर नजर**–राजस्थान और अजमेर को चुनकर बीजेपी और पीएम मोदी ने ना सिर्फ विधानसभा बल्कि लोकसभा चुनाव की ज्यादा सीटों पर नजरें गढ़ाई हैं. अकेले अजमेर के आस-पास लोकसभा की 8 सीट आती हैं. इन सीटों को बीजेपी अपने कब्जे ले ले तो स्थिति मजबूत हो जाएगी जबकि कांग्रेस कमजोर. इन्हीं 8 लोकसभा सीटों में करीब 64 विधानसभा सीट भी हैं. इनमें से फिलहाल बीजेपी के पास 20 सीट है जबकि उसका टारगेट 45 सीटों पर कब्जा जमाना है. इसके लिए 25 और सीटें हासिल करने के लिए बीजेपी के पास पीएम मोदी से बड़ा कोई हथियार हो ही नहीं सकता.

**4.इन समुदायों पर है सीधा फोकस**–राजस्थान के रण को हथियाना है तो जाट और मुस्लिम समुदाय में पकड़ होना बहुत जरूरी है. इन्हीं समुदायों में कमजोर पकड़ के चलते बीजेपी को बार-बार हार का मुंह देखना पड़ता है. इस बार बीजेपी ऐसी कोई गलती करने के मूड में नहीं है. यही वजह है कि बीते 8 महीनों में पीएम मोदी ने राजस्थान के इन समुदाय बहुल इलाकों में 6 दौरे किए हैं. इस बार भी अजमेर को चुनकर इन्हीं दो समुदायों को साधने की कोशिश की जा रही है. बता दें कि सचिन पायलट खुद जाट समुदाय से आते हैं और वो कांग्रेस में एक बागी तेवरों के साथ इन दिनों आगे बढ़ रहे हैं.

# शिवपुरी पुलिस की अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही

## पुलिस थाना नरवर द्वारा ग्राम सुल्तानपुर में एक खेत में अवैध 145 गांजे के पौधे जप्त कर आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की है

**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिह के द्वारा जिले मे शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु असामाजिक तत्वों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही करने एवं अवैध शराब, जुआ, सट्टा व अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुये शख्त कार्यवाही करने हेतु समस्थ थाना प्रभारियों एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया है । जिसके तारतम्य मे कार्यवाही करते हुये पुलिस थाना नरवर द्वारा एक खेत मे अवैध गांजे के करीब 145 पौधे के जप्त कर कार्यवाही की है । अति. पुलिस अधीक्षक श्री प्रवीण भूरिया एवं एसडीओपी करैरा श्री संजय चतुर्वेदी के द्वारा थाना क्षेत्र में कही भी अबैध मादक पदार्थों के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु मार्गदर्शन किया गया था, जिसके पालन मे दिनांक 30.05.23 को दौराने कस्वा भ्रमण थाना प्रभारी नरवर निरी. अलोक सिंह भदौरिया को मुखविर द्वारा सूचना मिली की



ग्राम सुल्तानपुर में किसी कुशवाह के खेत पर अबैध गांजे की फसल की जा रही है । मुखविर की सूचना पर पुलिस द्वारा तुरन्त कार्यवाही करते हुये सूचना से बरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर थाना प्रभारी नरवर के नेतृत्व मे पुलिस टीम बनाकर ग्राम सुल्तानपुर रवाना हुये । पुलिस द्वारा मुखबिर के बताये अनुशार ग्राम सुल्तानपुर मे संदिग्ध के खेत पर पहुंचकर देखा एक खेत मे अबैध रूप से उखड़े हुये रखे गांजे के 145 पेड़ मिले जिन्हें पुलिस टीम द्वारा विधिवत जप्त कर बैधानिक कार्यवाही की गयी । गांजे के कुल पेड़ों की कीमत 70000 रू आंकी गयी है । इस कार्यवाही मै निरीक्षक आलोकसिह भदौरिया थाना प्रभारी नरवर, उप निरीक्षक भूपेन्द्र सिंह परमार, उनि दीपक शर्मा, सउनि आर.एस चौकोटिया, सउनि अरविन्द सगर , प्र.आर. 891 डैनी कुमार, प्रआर. 689 बीरेन्द्रसिह, आर. 876 संतोष व आर. 4018 विक्रम जाट व आर. 49 अजय माँझी आर. 378 दीपक माँझी, आर. 944 सचिन, आर0 872 साहिल खान, आर. 972 विकाश भदौरिया, आर. 321 महेन्द्रसिह कुशवाह, आर. चालक 942 राजवहादुर चौकोटिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही है ।

# मप्र शिक्षक कांग्रेस के शिवपुरी जिला अध्यक्ष बने धर्मेंद्र रघुवंशी

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी। मध्य प्रदेश शिक्षक कांग्रेस के संस्थापक एवं संरक्षक (पूर्व सांसद) श्री रामेश्वर नीखरा जी एवं संगठन के पूर्व प्रांत अध्यक्ष श्री रामनरेश त्रिपाठी जी की विचारधारा एवं व्यक्तित्व से प्रभावित होकर तथा ग्वालियर चंबल संभागीय अध्यक्ष श्री धर्मेंद्र सिंह परमार के प्रस्ताव पर प्रांत अध्यक्ष श्री सुभाष सक्सेना जी के द्वारा धर्मेंद्र सिंह रघुवंशी उच्च माध्यमिक शिक्षक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरेह को शिवपुरी जिला अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया है धर्मेंद्र रघुवंशी शिवपुरी जिले में कर्मचारियों के हितों के लिए हमेशा तत्पर रहे हैं जिले में किसी भी कर्मचारी की कोई समस्या हो सबसे पहले आगे आकर उसका समाधान करने का प्रयास करते हैं कुछ समय पहले कर्मचारी हितों के लिए संघर्ष करने पर धर्मेंद्र रघुवंशी को निलंबित भी किया गया था लेकिन कर्मचारी हित में उन्होंने निलंबन को भी स्वीकार किया और कर्मचारियों के साथ कभी भेदभाव नहीं होने दिया अध्यक्ष बनने पर धर्मेंद्र द्वारा बताया गया कि कर्मचारी हित में एवं कर्मचारियों की स्थानीय



समस्याओं के निराकरण के लिए पहले भी प्रयास करता था अब पूरी मेहनत के साथ के अन्याय नहीं होने दूंगा स्थानीय समस्याओं को समाधान करवाना पहली प्राथमिकता रहेगी रघुवंशी को जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर उनके इष्ट मित्रों द्वारा बधाई दी गई जिनमें से जनक सिंह रावत, वीरेंद्र रावत, मनोज कुमार पाल, आनंद लिटोरिया महेश कोली मनमोहन जाटव राजेंद्र नरवरिया प्रभात रंजन शिशुपाल यादव नागेंद्र सिंह रघुवंशी राजेश चौरसिया रोमेश सिंह गुर्जर रवि कुमार अशोक बेदौरिया दीपक दुबे उपेंद्र श्रीवास्तव हरिओम पाठक ईश्वरी प्रसाद जाटव प्रदीप गुप्ता धर्मेंद्र गुप्ता राम चरण दुबे मनीराम कारपेंटर राकेश कुमार जाटव प्रदीप नरवरिया रमेश कुशवाहा जेपी चौरसिया सुशील शर्मा इत्यादि लोक प्रमुख रूप से शामिल है।

# पूरनखेड़ी टोल पर विधायक की दबंगआई अपने ट्रोला फ्री न निकालने पर टोल कर्मचारी का ट्रांसफर



### पूर्व विधायक ने ट्रांसफर रुकवाने के लिए लिखा केंद्रीय मंत्री को पत्र

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी- खबर शिवपुरी जिले की तहसील कोलारस से है जहाँ कोलारस वीरेंद्र रघुवंशी और कोलारस टोल पर पदस्थ टोल कर्मचारी जे.के. मौर्य को अपने ट्रोला बिना टोल टैक्स दिए न निकलने देने पर विधायक वीरेन्द्र रघुवंशी ने टोल कर्मचारी का ट्रांसफर करने के लिए अपनी दबंगाई दिखाई पूर्व मैं भी विधायक द्वारा हर बार किसी न किसी तरह दलित ओर छोटे कर्मचारियों को निशाना बनाया जाता रहा हैं दलित उसमे भी खासकर जाटव समाज के अधिकारियों को निशाना बना रहा हैंद्ध ये उसकी इस समाज के प्रति दुर्भावना को दर्शाता है। वीरेंद्र रघुवंशी ने हाल ही मे पुरनखेड़ी टोल प्लाजा पर पदस्थ जाटव समाज के श्री जे के मौर्य पर गलत और झूठे आरोप लगाकर ट्रांसफर कराया है द्ध जे के मौर्य जी अम्बेडकरवादी होने के साथ-साथ ईमानदार और साफ़ छवि के अधिकारी हैं। उनके ऊपर विधायक ने अपने डंपरों को बगैर टोल लिये निकलने का दबाव बनाया था द्ध जिसके न मानने पर विधायक ने उनको बदनाम करके ट्रांसफर करवाया है। इसके अलावा विधायक वीरेंद्र रघुवंशी ने जाटव समाज के ही एम. पी. डिस्कोम के डी. जी.एम. महेंद्र प्रताप सिंह और जे.ई. नरेंद्र प्रताप सिंह को भी इसी तरह हटवाया था द्ध यह भी पता चला है ये विधायक निकट भविष्य में अन्य दलित अधिकारियों को भी टारगेट कर सकते हैं। विधायक के इस कदम और नापाक इरादों से क्षेत्र के दलित और जाटव समाज मे उनके खिलाफ भारी रोष है द्ध समाज का कहना है कि इसका खामियाजा उनको आगामी विधानसभा चुनावो मे भुगतना पड़ेगा। उक्त साजिश का पता जब पूर्व विधायक महेन्द्र सिंह यादव जी को चला तो उन्होंने शीघ्र ही मौर्य के ट्रांसफर को स्थगित करने के लिए केंद्रीय मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य जी को पत्र लिखा है जिसमें उन्होंने जे.के. मौर्य को पुनः पूरनखेड़ी टोल प्लाजा पर नियुक्त करने की मांग की है।

# भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा कि जिला कार्यसमिति बैठक सम्पन्न हुई

**पुष्पांजली टुडे**

दमोह। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा कि जिला कार्यसमिति बैठक भाजपा कार्यालय मैं आयोजित कि गई।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह लोधी कार्यक्रम कि अध्यक्षता भाजपा पिछ?ा वर्ग मोर्चा प्रदेश महामंत्री संजय राय , विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष अमित बजाज,पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष भोले सराफ, जिला महामंत्री शिवशंकर कुशवाहा मंचसीन रहें। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री महेन्द्र राठौर ने किया। बैठक मैं प्रीतम सिंह लोधी ने प्रधानमंत्री के 9 वर्ष कार्यकाल पर पार्टी के द्वारा 30 मई से 30 जून तक महाजनसम्पर्क अभियान के तहत पार्टी योजनाओ कों घर घर तक पहुँचाना हैं। प्रदेश महामंत्री संजय राय ने सभी जिला एवं मंडल के पदाधिकारियों से महाजनसम्पर्क के कार्यक्रम कों सफल बनाने कों कहाँ।संजय राय ने कांग्रेस



के द्वारा जनता कों गुमराह करने वाली योजनाओं से जनता कों बताने कों कहा गया। पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रभारी एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष अमित बजाज ने संगठन के करणीय कार्यों कों विस्तार से रखा।भाजपा कि जन हितेषी योजनाओं के लाभार्थी के पास सभी कार्यकर्ताओं कों उनसे जनसम्पर्क करने कों कहा। पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष भोले सराफ ने किये गए मोर्चे के द्वारा कार्य कों बैठक विवरण दिया। आगामी कार्यक्रम में मोर्चा कि जिम्मेदारी कों पार्टी जिला अध्यक्ष के समछ के सामने रखा। बैठक के बाद लोक माता देवी अहिल्या बाई होल्कर की 298वीं जयंती भाजपा कार्यालय में पुष्प माल्यार्पण कर मनाई गई। बैठक मै जिला उपाध्यक्ष नर्मदा राय, जिला मंत्री अरुण सोनी, मनोज राय, राजेश कुशवाहा, जिला मिडिया प्रभारी खेमचंद कुशवाहा, कोषाध्यक्ष नर्मदा साहू, कार्यालय मंत्री दीपक गुप्ता, एवं सभी मंडलो के अध्यक्ष महामंत्री कि उपस्थिति रहीं।

# वित्तीय अनियमितता किए जाने पर सरपंच सहित अधिकारी एवं कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी-जिला पंचायत के सीईओ उमराव सिंह मरावी द्वारा जिले में ग्राम पंचायत बारई एवं हर्रई में सरपंच, जिला पंचायत के अधीन कर्मचारियों एवं पदाधिकारियों द्वारा की गई वित्तीय अनियमितता के संबंध में पद से पृथक करने संबंधी कारण बताओ नोटिस जारी किए गए है। जिला पंचायत के सीईओ उमराव सिंह मरावी द्वारा की गई कार्रवाई में ग्राम पंचायत बारई अंतर्गत वित्तीय अनियमितता किए जाने पर जनपद पंचायत पोहरी के ब्लॉक समन्वयक पीएमएवाय दीपेन्द्र यादव, जनपद पंचायत बदरवास की सहायक लेखाधिकारी मायाराम सगर एवं तत्कालीन पंचायत सचिव बारई वर्तमान में निलंबित पुरूषोत्तम कुशवाह को कारण बताओ सूचना जारी किया गया है। जवाब संतोषप्रद नहीं होने की स्थिति में वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। इसी प्रकार ग्राम पंचायत हर्रई में वित्तीय अनियमितता किए जाने पर ग्राम पंचायत हर्रई सचिव अवधेश जाटव तथा ग्राम पंचायत सरपंच गौरावाई यादव को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। संबंधित द्वारा संतोषप्रद जवाब न होने की स्थिति में वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

# दमोह में पहली कैथलैब मशीन का हुआ शुभारंभ

## अब ह्दय रोगियों को जरूरत नहीं पड़ेगी बड़े शहरों में जाने की

**पुष्पांजली टुडे**

दमोह। दमोह जिले के वासियों को अब ह्र्दय से संबंधित मरीजों को दमोह से बाहर अन्य शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। मध्यप्रदेश में सबसे लेटेस्ट कैथलैब मशीन अब दमोह के मिशन अस्पताल में उपलब्ध हो चुकी है जिसका शुभारंभ भी हो गया दमोह के लिए ये किसी सौगात से कम नहीं पूरे बुंदेलखंड में दमोह ऐसा पहला जिला जहाँ ये मशीन उपलब्ध है जिसमें ह्रदय रोगियो को अब अन्य शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। काफी समय से प्रयासरत रहे समाज सेवी डॉ अजय लाल एवं श्रीमती इन्दु लाल के अथक प्रयासों से ये कैथलैब मशीन यहाँ दमोह के मिशन अस्पताल में उपलब्ध कराई गई है। बुधवार से ही इंस्टॉल होकर नगर व जिले सहित आसपास के लोगों के लिए बहुत कम खर्चे में उपलब्ध रहेगी जिसे वरिष्ठ चिकित्सक डॉ अखलेश दुबे (डी एम कार्डियोलॉजी) और कुशल डॉक्टरों की टीम के द्वारा मरीजो का इलाज किया जायेगा । जिसमें कोरोनरी एंजियोग्राफी कोरोनरी एंजियोप्लास्टी, टीपी आई, परमानेन्ट पेसमेकर, पेरीकार्डियल टेपिंग, पेरीफेरल एंजियोग्राफी पेरीफेरल एंजियोप्लास्टी की जाँच सहित सारा इलाज अब यही आपके



ही शहर में उपलब्ध होगा । शुभारंभ पर ही दो मरीजों का हुआ टेस्ट और दूसरे मरीज की नसों में ब्लॉकेज था जिसे स्ट्रोंन ब्लड थिनर से ही डिजॉल्व कर दिया गया अब उन्हें ऑपरेशन की जरूरत नहीं पड़ेगी । वहीं समाज सेवी डॉ अजय लाल का कहना है कि नगरवासियों के लिए यह कैथलैब मशीन बड़ी उपलब्धी है। यहाँ आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को बहुत ही रियायती दरों पर यह मशीन उपलब्ध रहेगी यह कैथलैब मशीन हम लोगों के प्रयासों के अलावा हमारे नगर वासियों की प्रार्थनाओं की बदौलत हासिल हो सकी है जो ना सिर्फ दमोह शहर बल्कि सारे बुंदेलखंड वासियों के लिए किसी सौगात से कम नहीं है।

# जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई

**रीतेश अवस्थी**

**पुष्पांजली टुडे**



*दमोह। मप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने जिला कांग्रेस कमेटी के कर्मठ अध्यक्ष रतनचंद्र जैन की अनुसंशा पर रामचरण राय समन्ना को जिला कांग्रेस कमेटी का उपाध्यक्ष बनाये जाने पर बधाई दी। इस अवसर पर बधाई देनें वालो में मदन पांडे, मंगल राय, रमेश असाटी, संजय चौरसिया, राशू चौहान, दिनेश रैकवार, हरगोविंद पटैल, अर्जुन सिंह राजपूत, बाबूलाल पटैल, बैजनाथ सिंह ठाकुर, दीपक असाटी, खिलान विश्वकर्मा, नन्हे भाई पटैल, मुरली मनोहर अहिरवार, गोविंद रैकवार की ओर से हार्दिक बधाईयां दी गई।*

### नवाचार के क्षितिज प्रसारण की आवश्यकता

# संकर बाजरानेपियर घास: एक ही खेत में वर्ष भर हरा चारा उत्पादन मॉडल करें तैयार

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी- जिले में आत्मा-जिला




प्रशासन-कृषि विज्ञान केन्द्र-पशुपालन विभाग की पहल से नवाचार घटक में संकर बाजरा नेपियर घास के साथ मौसमी हरे चारे की वर्ष भर उपलब्धता के मॉडल को कृषि विज्ञान केन्द्र पर तैयार कराया गया एवं यहीं से कई कृषक जिले में ही नहीं अन्य जिलों में भी रोपण सामग्री ले जाकर स्थापित कर रहे हैं। संकर बाजरानेपियर घास को स्थापित करने के लिए आगामी वर्षा (जुलाई-अगस्त) के मौसम में रोपण करें इससे पूर्व जिसे खेत में लगाना चाहते हैं वहां खेत की तैयारी अभी से करें। इसे खेत की मे?ों पर भी लगाया जा सकता है।

**कैसे लगाएं**-सामान्यतः चारा फसलों को स्थान कम दिया जाता है। लेकिन इस मॉडल में भूमि के कुशल उपयोग करते हुए 3-3 मीटर की दूरी पर कतारों में संकर बाजरा नेपियर घास की रूट स्लिप्स को 45 डिग्री एंगल पर एक तिहाई भाग जमीन के अंदर दबाते हुए 0.5 से 1 मीटर पौधों में अंतर रखते हुए एकल या दो लाइनों में रोपण करना चाहिए।

**तकनीक के लाभ**-कतारों में तीन मीटर अंतर से लगाए जाने पर अंतर्वर्ती स्थानों में आसानी से यांत्रिक तरीके से खेती की तैयारी के लिए ट्रैक्टर चलाया जा सकता है तथा कतारों के बीच के स्थानों में मौसमी हरे चारे खरीफ में लोबिया/ग्वार तथा रबी में बरसीम/लूसर्न/जई लगाया जाता है। इससे कार्बोहाइड्रेट एवं प्रोटीन से परिपूर्ण हरे चारों का संयोजनयुक्त उत्पादन पशुधन के लिए उत्पादन प्राप्त होता रहता है जो पशुधन के दूध उत्पादन बढ़ाने में लाभकारी है। इससे दाने की निर्भरता भी कम होने से डेयरी खर्च के व्यय में कमी भी लाई जा सकती है।

**कितना उत्पादन**-एक ही खेत में वर्ष भर हरा चारा उत्पादन मॉडल से 200 से 250 टन/हे./वर्ष हरा चारा प्राप्त हो जाता है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इस तकनीक से वर्ष भर पशुधन के लिए हरे चारे की प्राप्ति होती रहती है। जिससे स्टॉल फीडिंग में बहुत मदद होती है।

**सराहा एवं दिया मार्गदर्शन**- डॉ.अमरेश चन्द्रा, निदेशक, डॉ.ए.के.रॉय परियोजना प्रभारी पी.सी.एफ.सी. एवं डॉ. विजय यादव विभागाध्यक्ष, बीज तकनीकी संभाग एवं वर्तमान में परियोजना प्रभारी पी.सी.एफ.सी., भा.कृ.अनु.प.-भारतीय चरागाह एवं चारा अनुसंधान संस्थान झांसी के दल ने केन्द्र पर भ्रमण कर संस्थान की तकनीक के प्रसारित करने पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए और भी अधिक कुशलता के लिए केन्द्र के वैज्ञानिकों को



मार्गदर्शन भी दिया जिससे चारा तकनीकियों का अधिक से अधिक प्रसार कृषकों/पशुपालकों तक हो सके।

**प्राप्ति स्थान**-गुणवत्तायुक्त रूट स्लिप कृषि विज्ञान केन्द्र, शिवपुरी या आईजीएफआरआई झांसी से प्राप्त कर सकते हैं। संकर बाजरा नेपियर घास के साथ मौसमी हरे चारे लगाकर पशुपालक बंधु डेयरी व्यवसाय को और अधिक लाभकारी बना सकते हैं तथा व्यय को भी कम करते हुए पौष्टिक हरा चारा वर्ष भर एक ही खेत से निरंतर मिलता भी रहता है।



# डॉ. सुनील परीट को पिताश्री सम्मान

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**बेंगलुरु।** प्रेरणा साहित्य मंच द्वारा डॉ सुनील कुमार परीट जी को साहित्यिक, शैक्षिक एवं सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रेरणा पिताश्री राधा रमण प्रसाद स्मृति सम्मान 2023 से सम्मानित किया। यह सम्मान संस्था की संस्थापिका एवं अध्यक्षा डॉ वीणा गुप्ता मेदनी जी के पिताश्री के स्मरणार्थ दिया जाता है। सम्मान में स्मृति चिन्ह, सम्मान पत्र, ग्यारह सौ रुपए, अंग वस्त्र, माला एवं पुस्तकें प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकारा रविंदर कौर, मुख्य अतिथि डॉ सुचित्रा कॉल मिश्रा, विशिष्ट अतिथि डॉ इंदु झुनझुनवाला, मगसम के राष्टीय संयोजक श्री सुधीर सिंह सुधाकर, डॉ मलकप्प अलियास महेश, नंद सारस्वत स्वदेशी, श्रीमती सुमन परीट आदि अतिथि गण कार्यक्रम में उपस्थित थे। ज्ञात होगा डॉ परीट जी को कर्नाटक सरकार ने राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया है। वह लगभग 20 सालों से अहिंदी प्रदेश कर्नाटक में हिंदी का प्रचार प्रसार कर रहे हैं।

# भाजपा किसान मोर्चा के राजीव बरुआ बने जिला कार्यसमिति सदस्य

दैनिक पुष्पांजली टुडे



भिण्ड । भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष विजय दैपुरिया ने जिला कार्यसमिति सदस्यों की घोषणा कर सूची जारी की है जिसमें जमीनी स्तर पर पार्टी के लिए कार्य कर रहे कैबिनेट मंत्री अरविंद सिंह भदौरिया के करीबी युवा नेता राजीव बरुआ पिड़ौरा को जिला कार्यसमिति सदस्य अटेर बनाया गया है। श्री बरुआ के जिला कार्यसमिति सदस्य बनने पर पार्टी पदाधिकारियों और श्री बरुआ की टीम ने उन्हें बधाइयाँ दी, राजीव बरुआ ने सभी पार्टी पदाधिकारियों और वरिष्ठ नेतृत्व को आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मैंने हमेशा पार्टी हित के लिए कार्य किया है और वरिष्ठ नेतृत्व ने मुझ पर आज जो विश्वास जताया है मै उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर पार्टी के लिए समर्पित भाव से कार्य करूँगा। बधाई देने वालों में पार्टी पदाधिकारियों के साथ साथ वरिष्ठ समाजसेवी राजेश शर्मा, श्याम सुंदर कटारे, बबलू शर्मा, दीपक चौधरी, गिरिराज पाण्डेय, अजय दीक्सित, देवकांत बरुआ, शिवमोहन शर्मा (भोले) संदीप बरुआ, संतोष सिंह (भारौली) ,सूरज बरुआ(नगर मंत्री भाजपा),प्रतीक पाण्डेय, राहुल शर्मा, सोनू भदौरिया, राहुल श्रीवास्तव, आशीष शर्मा, शिवम तिवारी,दिवाकर पाठक,विवेक मिश्रा, शिवम कटारे, नारायण शर्मा आदि मित्रगण एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने बधाई व शुभकामनाएं दी।

# सांसद चौधरी के प्रयासों से मिली नई ट्रेन जिले के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर अभूतपूर्व स्वागत

## जिलेवासियों में छाया अपार हर्ष, सांसद चौधरी के प्रति जताया आभार





पुष्पाजंली टुडे

**पुणे।** पाली स्थानीय सांसद और पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री पीपी चौधरी के लगातार प्रयासों के बाद पुणे राजस्थानी प्रवासी समाज और पाली जिलेवासियों को एक नई ट्रेन की सौगात मिली। पुणे-जोधपुर-बीकानेर (20475/76) नई ट्रेन के ठहराव बुधवार को जिले के पांच स्टेशनों पर हुआ। सांसद चौधरी के आग्रह पर ही रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पाली-मारवाड़, रानी, फालना, जवाई बांध और मारवाड़ जंक्शन पर नई ट्रेन के ठहराव स्वीकृत किए। बुधवार को नई ट्रेन के पहुंचने पर सभी स्टेशनों पर क्षेत्रवासियों और कार्यकर्ताओं ने लोको पायलेट सहित ट्रेन स्टॉफ का साफा पहनाते हुए मालाओं से लाद दिया। एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर इस खुशी को बांटा गया। सभी स्थानों के क्षेत्रवासियों ने सांसद चौधरी के प्रति विशेष आभार प्रकट किया। इससे पूर्व मंगलवार को सांसद चौधरी इस नई ट्रेन को हरी झण्डी दिखाने पुणे पहुंचे। वहां पर आयोजित भव्य कार्यक्रम में रेलमंत्री वैष्णव की वर्चुअल उपस्थिति में उन्होंने हरी झण्डी दिखाते हुए ट्रेन को जोधपुर, पाली और बीकानेर के लिए रवाना किया। आयोजन में बड़ी संख्या में उपस्थित राजस्थानी प्रवासी समाज ने सांसद चौधरी का बाहुमान किया। विदित है कि सांसद चौधरी काफी लंबे समय से पुणे में रह रहे पश्चिमी राजस्थान और पाली जिले से जुड़े प्रवासियों के लिए नई ट्रेन चलाने हेतु प्रयासरत रहे। सांसद चौधरी ने इस सौगात पर अपनी खुशी जताते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी और केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति हार्दिक आभार जताया।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस: नशा मुक्ति शिविर एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया

भोपाल/विदिशा। अजंता ललित कला एवं समाज कल्याण समिति एवं परिवर्तन नशा मुक्ति केंद्र विदिशा के संयुक्त तत्वाधान में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग सशक्तिकरण के सहयोग से नशा मुक्ति शिविर एवं प्रदर्शनी का आयोजन बड़जात्या स्कूल परिसर में किया गया। जिसमें बीड़ी, तंबाकू व अन्य मादक पदार्थों से होने वाले नुकसान और घातक परिणाम के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने नशे के घातक परिणामों को दर्शाती हुई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि श्री राकेश शर्मा, पूर्व पालिका अध्यक्ष श्री मुकेश टंडन, बीके सपना बहन, प्रसिद्ध कथा वाचक वैष्णवी गोस्वामी, सामाजिक न्याय विभाग की सुरक्षा अधिकारी श्रीमती नेहा तंवर, राजेंद्र भगोरिया, नगर पालिका उपाध्यक्ष संजय दिवाकीर्ति,अजंता ललित कला एवं समाज कल्याण समिति की अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा शर्मा और श्री वेद प्रकाश शर्मा मौजूद थे। इस सभी ने तंबाकू से होने वाले नुकसान से लोगों को सचेत किया। इस



अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मुकेश टंडन ने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है और हमें इससे बचना चाहिए। इसकी चपेट में आकर व्यक्ति अपने घरों को बर्बाद कर देता है और खुद भी आर्थिक रूप से कंगाल हो जाता है। अंग्रेजों ने भारतीयों को नशे की लत से लगाया था ताकि वे देश के विकास में कोई योगदान ना कर सकें। हमें नशे के चंगुल से यथासंभव बचना है और हमारे परिवारों को खुशहाल रखना है। सांसद प्रतिनिधि श्री राकेश शर्मा ने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है और यह एक मानसिक बीमारी है। इसे सामाजिक चेतना से ही दूर किया जा सकता है। बीके सपना दीदी ने कहा कि धर्म और अध्यात्म से जुड़कर ही नशे से विजय प्राप्त की जा सकती है। श्रीमती इंदिरा शर्मा ने कहा कि नशा मुक्ति के लिए व्यापक जन जागरूकता अत्यंत आवश्यक है । कार्यक्रम का संचालन मध्यप्रदेश राज्य आनंद संस्थान के आनंदक विजय श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर वहां उपस्थित लोगों से बड़ी संख्या में नशा मुक्ति संकल्प पत्र भरवाए गए। आज संस्था अजंता ललित कला एवं समाज कल्याण समिति द्वारा स्थानीय रेलवे स्टेशन पर जाकर नशा मुक्ति शिविर एवं प्रदर्शनी लगाई गई तथा नशा मुक्ति जागरूकता हेतु पंपलेट वितरित वितरित किए गए। इसी तारतम्य में स्थानीय रामलीला चौराहा और पीतल मिल चौराहे पर भी नशा मुक्ति जागरूकता हेतु पंपलेट वितरित किए गए एवं नशा मुक्ति शपथ लोगों को दिलाई गई तथा युवाओं से नशा मुक्ति पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया।

# डॉ. सुनील परीट को पिताश्री सम्मान

पुष्पाजंली टुडे

**बेंगलुरु।** प्रेरणा साहित्य मंच द्वारा डॉ सुनील कुमार परीट जी को साहित्यिक, शैक्षिक एवं सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रेरणा पिताश्री राधा रमण प्रसाद स्मृति सम्मान 2023 से सम्मानित किया। यह सम्मान संस्था की संस्थापिका एवं अध्यक्षा डॉ वीणा गुप्ता मेदनी जी के पिताश्री के स्मरणार्थ दिया जाता है। सम्मान में स्मृति चिन्ह, सम्मान पत्र, ग्यारह सौ रुपए, अंग वस्त्र, माला एवं पुस्तकें प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकारा रविंदर कौर, मुख्य अतिथि डॉ सुचित्रा कॉल मिश्रा, विशिष्ट अतिथि डॉ इंदु झुनझुनवाला, मगसम के राष्टीय संयोजक श्री सुधीर सिंह सुधाकर, डॉ मलकप्प अलियास महेश, नंद सारस्वत स्वदेशी, श्रीमती सुमन परीट आदि अतिथि गण कार्यक्रम में उपस्थित थे। ज्ञात होगा डॉ परीट जी को कर्नाटक सरकार ने राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया है। वह लगभग 20 सालों से अहिंदी प्रदेश कर्नाटक में हिंदी का प्रचार प्रसार कर रहे हैं।



# अम्बाह पुलिस ने अबैध शराब बिक्री करते एक आरोपी पकड़ कर उसके कब्जे से 75.81 बल्क लीटर कीमती 97200/- अबैध अंग्रेजी शराब की बरामद

केशब पंडित जी अम्बाह

अम्बाह। पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान द्वारा मुरैना जिले में अवैध शराब बिक्री की रोकथाम के लिये धरपकड़ अभियान चलाये जा रहे है। उक्त अभियान की कड़ी में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रायसिंह नरवरिया जी के निर्देशन में तथा अम्बाह एसडीओपी परिमाल सिंह मैहरा के मार्गदर्शन में दौराने कस्बा भ्रमण आज दिनांक 31/05/23 को कि महावीर पुरा दोहरी रोड पर थाना प्रभारी विनय यादव को जरिये मुखविर सूचना मिली जिसकी तस्दीक हेतु उनि पंकज यादव, उनि. जितेन्द्र शर्मा, उनि विवेक शर्मा को मय फोर्स के रवाना किया जो मुखबिर की सूचना पर से एक व्यक्ति अंग्रेजी शराब अबैध रुप से विक्री करने के लिये प्लास्टिक की बोरी मे रखकर विक्रय कर रहा है। मुखबिर की सूचना की तस्दीक हेतु महावीर पुरा दोहरी रोड पर पहुंचा और देखा एक व्यक्ति हाथ में सफेद प्लास्टिक का थैला लिये हुये दिखा जो पुलिस के शासकीय वाहन को देखकर भागने को हुआ जिसको फोर्स के साथ घेरकर पकड़ा उसके पास रखे प्लास्टिक के



बोरी को चैक किया तो उसमे 14 अद्दी अंग्रेजी जिस पर अग्रेजी रॉयल स्टेग के रखे मिले मौके पर पास मे करब के अन्दर चैक किया तो एक कत्थई रंग के पेटी में अंग्रेजी शराब रॉयल स्टेग की 24 अद्दी रखी मिली व तीन कत्थई रंग की पेटी जिसमें अंग्रेजी शराब मैकडबल न. 01 की जिसमे प्रत्येक पेटी मे 24-24 अद्दी मिली एवं चार पेटी अंग्रेजी बोम्बे स्पेशल विस्की प्रत्येक पेटी मे 48 - 48 क्वाटर । कुल मात्रा 75.81 बल्क लीटर मौके पर मिली। मौके पर उक्त शराब आरोपी के कब्जे से जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया। जिसकी कायमी अप.क्र.347/23 धारा 34(2) आबकारी एक्ट पर की जाकर विवेचना मे लिया गया। उक्त आरोपी के विरुद्ध पूर्व मे भी थाना अम्बाह पर अपराध पंजीबद्ध है। कारबाही में अम्बाह थाना प्रभारी विनय यादव, एसआई पंकज यादव, एसआई जितेंद्र शर्मा, एसआई विवेक शर्मा, एससी 125 वसन्त सिंह, एससी 136 लज्जाराम, आर. जोगेन्द्र भदौरिया, आर. सतेन्द्र गुर्जर, आर. नरेन्द्र मौर्य, आर, सीताराम, आर. चालक महेंद्र राजावत की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# हमें भोजन चाहिए, तंबाकू नहीं : सुनील दुबे

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर कार्यशला आयोजित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । चौधरी रूप नारायण दुबे समाज कल्याण समिति भिंड द्वारा सामाजिक न्याय विभाग भिण्ड के निर्देशन में मध्य प्रदेश वेलेंट्री हेल्थ एसोसिएशन के समन्वय से हमें भोजन चाहिए, तंबाकू नहीं विषय को लेकर सामाजिक न्याय परिसर में कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमे सामाजिक न्याय विभाग के श्री अनिल पोराडिक ने अपने विचारों में बताया कि तंबाकू का सेवन करने से आधी उपयोग कर्ता की मृत्यु समय से पहले और लगभग 12 लाख मृत्यु परोछ धूम्रपान से होती हैं और लगभग मध्य प्रदेश में प्रतिवर्ष 13 से 14 लाख मौत होती हैं। कार्यक्रम में तंबाकू निषेध निषेध को लेकर डॉक्टर रेखा शाक्य फिजियोथेरेपिस्ट, लाली सैक्लोजिस्ट,मुनमुन सिन्हा विशेष शिक्षक, सोमेंद्र सिंह सहायक, दीपेंद्र पटेल, संगीता यादव ने भी अपने विचार व्यक्त किए। बाल कल्याण समिति से सुनील दुबे ने कहा विश्व में तंबाकू सेवन करने वाले लोगों के लिए तंबाकू की खेती बृहद स्तर पर की जाती है जिस वजह से तंबाकू की खेती और उत्पादन हमे दीर्घकालिक , वैश्विक पारिस्थितिक नुकसान और जलवायु परिवर्तन की ओर ले जाते हैं, और कृषि



और खाद्य सुरक्षा के भविष्य को प्रभावित करते हैं इसलिये विश्व तंबाकू निषेध दिवस 2023 का अभियान तंबाकू के बजाय स्थाई खाद्य फसलों की खेती करने पर केंद्रित है। इसलिए विश्व तंबाकू निषेध दिवस की सफलता उन सरकारों की संख्या होगी जो तंबाकू की खेती पर सब्सिडी समाप्त करने का संकल्प लेती हैं। इसलिए हमें न केवल तंबाकू की खेती के नुकसान से बल्कि तंबाकू की खेती करने वाले किसानों के शोषण से किसानों और उनके परिवारों के स्वास्थ्य ब कल्याण की रक्षा करने की अबस्यकता है। प्रिंस चौहान युवा ने कहा कि हमें भारतीय तंबाकू नियंत्रण अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन और तंबाकू के उत्पाद में कमी के माध्यम से किशोरों और युवाओं को तंबाकू आपदा से बचाना है साथ ही उन उद्योगों के साथ कोई समझौता नहीं होना चाहिए जो नागरिकों के स्वास्थ्य के साथ हानिकारक हैं, और तंबाकू उत्पादों का प्रोत्साहन प्रयोजन एवम उन्हें बड़ाबा देते हैं। कार्यक्रम मे अंकित दुबे, प्रयांशु यादव, अविनाश नरबरिया , हिम्मत सिंह हरिओध, अरविंद यादव ने विचार व्यक्त किए आभार व्यक्त योगेश यादव ने किया। कार्यक्रम दौरान युवाओं ने नशा नहीं करने का संकल्प लिया। जीवन शैली में भी नशा व्याप्त होकर पर्यावरण प्रदूषित कर रहा है।

# पुलिस ने की ओवर लोडिंग तथा बिना नंबर प्लेट पर कार्यवाही

पंकज त्रिपाठी

दैनिक पुष्पांजली टुडे



भिण्ड । पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश खरपूसे,मेहंगाव एसडीओपी आर के एस राठौर के मार्गदर्शन में मेहगांव पुलिस ने विशेष अभियान चलाया। 20 वाहनों पर कार्यवाही 53300 रुपए समन शुल्क वसूला गया। शराब पीकर वाहन चलाने वालो पर भी की कार्यवाही की जिसके तहत शराब पीकर मोटर साइकिल चलाने वाले चालक विजय पुत्र नारायण सिंह राजपूत निवासी पिपरी थाना बारोही से मोटर साइकिल स्प्लेंडर एमपी 13 एमडब्लू 6840 जप्त की गई। ओवर लोड चलने वाले 3 वाहनों पर ओवरलोड की कार्यवाही समन शुल्क 31000 रूपये वसूले गए। बिना नंबर प्लेट चलने वाले 8 वाहनों से समन शुल्क वसूला 4000 रूपये अन्य मोटर व्हीकल एक्ट की धाराओं पर उलंघन करने वालो से समन शुल्क 18300 रूपये वसूले । उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी मेहगांव निरीक्षक रविंद्र शर्मा, एएसआई अजय गौतम, एएसआई राजेंद्र गुर्जर, आरक्षक प्रदीप तोमर, मुनेश, धीरज,पदम, गौरीशंकर, दिनेश, राघवेंद्र, अवधेश, हेमंत की मुख्य भूमिका रही।

# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को किया जागरूक, समझाए तंबाकू के दुष्परिणाम





पुष्पांजली टुडे संवाददाता मालनपुर
पहलवान सिंह राजावत

मालनपुर/औधोगिक क्षेत्र मालनपुर में संचालित जमना ऑटो इंडस्ट्रीज के सौजन्य से उप महाप्रबंधक प्रशासन और कार्यमिक विभाग एन एम क्यू समसी के निर्देशन में एवं सीएसआर संयोजक जगत सिंह निरंजन के मार्गदर्शन में सामाजिक दायित्व निर्वहन (सीएसआर) के तहत विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जन जागरूकता अभियान चलाया गया एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया एवं तंबाकू से होने वाले दुष्परिणाम को समझाया हरीराम का पुरा चौराहा और मालनपुर मस्जिद के पास नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया जिसमें कलाकारों ने नाटक के माध्यम से बीड़ी तंबाकू गुटखा से होने वाले दुष्परिणामों को समझायाद्य नाटक के माध्यम से कलाकारों ने बताया कि एक गरीब किसान बीड़ी, गुटखा का अधिक सेवन करता है और वह बीमार हो जाता है तो उसकी पत्नी नजदीक के झोलाछाप डॉक्टर से इलाज लेती है हालत ज्यादा खराब होने के कारणअंत में उसकी मौत हो जाती है और उसके परिजन जोर जोर से रोने लगते हैं और रोते हुए कहते कि तंबाकू और गुटखा का सेवन नहीं करते तो आज वह जिंदा होते नाटक से प्रेरित द्य नाटक के मंच से डॉ वासुदेव सिंह सिकारिया बीएमओ गोहद ने लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि तंबाकू का सेवन जानलेवा हो सकता है। तंबाकू या धूम्रपान व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य के साथ शारीरिक सेहत पर भी नकारात्मक असर डालता है और इसके दुष्परिणाम शरीर के लिए घातक होते हैं द्य बता दें की लोगों में बीड़ी, सिगरेट और गुटखा आदि के सेवन से कई तरह की बीमारियां होने का खतरा बढ़ जाता है द्य अगर आप अपने परिवार बच्चों से प्रेम करते हैं तो नशा जैसी बुराई को त्याग दें उन्होंने कहा कि हम किसी जानवर के आगे तंबाकू गुटका रख दे तो वह भी उसे नहीं खाएगा तो फिर हम इंसान इसका सेवन क्यों करें द्यकंपनी के सीएसआर संयोजक जगत सिंह निरंजन ने भीड़ में उपस्थित लोगों को समझाया कि धूम्रपान करने से धमनियां कमजोर होने लगती हैं और कोरोनरी हार्ट डिजीज और स्ट्रोक हो सकता है। कुछ अध्ययनों में पिछले कुछ वर्षों में वैश्विक स्तर पर बढ़े हार्ट अटैक के लिए धूम्रपान को भी एक संभावित कारक बताया गया है। इसके अलावा तम्बाकू का उपयोग से कैंसर या फे बीमारी भी हो सकती है। उन्होंने कहा क्या आप सभी लोगों से निवेदन है कि बीड़ी गुटखा तंबाकू शराब जैसी नशीली चीजों से तौबा कर स्वस्थ रहें मस्त रहें और अपने घर परिवार का ख्याल रखें इस अवसर पर कंपनी के अधिकारी कर्मचारी गण मौजूद रहे।

# गतिशील भारत के सपनों का हकीकत बनना



दुनिया की सबसे प्राचीन मानव सभ्यता और सबसे पुराने, सबसे बड़े एवं सबसे जीवंत भारतीय लोकतंत्र का सपना था 'सर्वे भवंतु सुखिनः' अर्थात इस धरती पर सब सुखी हों, सब समृद्ध हों। पिछले 9 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने इस दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है। निर्णायक प्रशासनिक कौशल, अपार जन-समर्थन और आधुनिक तकनीक के साथ एक संकल्पवान प्रधानमंत्री ने इसे संभव कर दिखाया है। इससे युवाओं, महिलाओं, किसानों, शोषितों, वंचितों और सबसे गरीब लोगों में आशा जगी है और विश्वास बना है कि केंद्र में उनकी सरकार है जो उनके जीवन उत्थान के लिए अहर्निश काम कर रही है। अतीत में एक प्रधानमंत्री ने स्वीकार किया है कि अंतिम लाभार्थी तक सरकार द्वारा उनके लिए आवंटित राशि का लगभग 14-15 प्रतिशत हिस्सा ही उन्हें मिल पाता है। वर्तमान प्रधानमंत्री ने लास्ट माइल डिलीवरी सुनिश्चित की है। लगभग 48 करोड़ लोगों के बैंक एकाउंट खोले गए ताकि लाभार्थियों को उनका हक बिना किसी लीकेज के सीधे उनके बैंक एकाउंट में मिले। हालांकि बेरोजगारी दुनिया भर में एक बड़ा मुद्दा है लेकिन इससे बेहतर तरीके से निपटने के लिए मोदी सरकार ने प्रभावी कदम उठाये हैं। न केवल शहरों बल्कि देश के दूरदराज इलाकों में कौशल केंद्र स्थापित किए गए हैं। केंद्र सरकार ने श्रमिकों के गरिमापूर्ण जीवन के लिए श्रम योगी मानधन योजना बनाई है। कई अवसरों पर प्रधानमंत्री ने स्वयं श्रमवीरों को सम्मानित किया है। भारत की श्रमशक्ति ने देश के विकास में अभूतपूर्व योगदान दिया है। देश में बीते 9 वर्षों में इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। अतीत में यूरोप की यात्रा के दौरान मैं कई लोगों की टिप्पणियां सुनता था कि यूरोप जैसा बुनियादी ढांचा और यात्रा में आसानी भारत में कभी नहीं हो सकती लेकिन इतने कम समय में वे गलत साबित हुए हैं। बीते सालों में विनाशकारी कोविड महामारी, रूस-यूक्रेन युद्ध, बढ़ती जलवायु संबंधी चिंताएं, सप्लाई चेन में अवरोध, दुनिया भर में लगातार बढ़ती मुद्रास्फीति, दुनिया के कई हिस्सों में ध्रुवीकरण, देशों के बीच घटते विश्वास एवं सहयोग तथा मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दे विश्व स्तर पर पारिस्थितिकी तंत्र को प्रभावित कर रहे हैं। इस आलोक में जहां एशिया में कई सरकारें विफल सिद्ध हो रही हैं, भारत बीते 9 साल में अपने साहसिक निर्णयों के बल पर तेज गति से आगे बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था के रूप में प्रतिष्ठित हुआ है। ये सच है कि भारत में दुनिया की आबादी का छठा हिस्सा रहता है लेकिन भारत की आवाज़ कभी भी उस तरह से नहीं सुनी गई जैसे अब सुनी जा रही है। आज भारत बोलता है तो दुनिया सुनती है। कुल मिलाकर, अंतर्राष्ट्रीय जगत में भारत अपना सही स्थान पा रहा है। इसका श्रेय वर्तमान सरकार एवं उसकी सही नीतियों को जाता है। रूस-यूक्रेन संघर्ष के दौरान किसी का पक्ष नहीं लेने की कुशल नीति और दुनिया को तर्कपूर्ण जवाब तथा अन्य वैश्विक मुद्दों पर सार्थक पहल ने भारत को एक मजबूत वैश्विक शक्ति, एक परिपक्व मध्यस्थ और दुनिया के पेसमेकर के रूप में स्थापित किया है। जहां दुनिया की बड़ी-बड़ी अर्थव्यवस्थाएं धराशायी हो रही हैं, वहां भारतीय अर्थव्यवस्था ने शानदार प्रदर्शन जारी रखा है। मोदी सरकार ने कोविड महामारी के दौरान गरीब कल्याण अन्न योजना जैसा क्रांतिकारी कदम उठाया यह सुनिश्चित करने के लिए ताकि देश में कोई भूखा न सोने पाए। यह एक लोक-कल्याणकारी सरकार की संवेदनशीलता को दर्शाता है। भारत में घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन की अपार संभावनाएं मौजूद होने के बावजूद देश के तीर्थस्थलों का विकास आजादी के 70 सालों में भी न हो पाया था। तीर्थस्थलों के बुनियादी ढांचे जर्जर थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी तीर्थस्थलों और आस्था के केंद्रों के जीर्णोद्धार एवं वहां विकास का बीड़ा उठाया। पिछले कुछ वर्षों में काशी, उज्जैन, सोमनाथ, अंबाजी, ऋषिकेश, केदारनाथ, बदरीनाथ जैसे बड़े तीर्थस्थलों का जो स्वरूप बदला है, उसने श्रद्धालुओं के मन में आशा, विश्वास एवं आकांक्षाओं की नई बुनियाद रखी है। हालांकि सभी राजनीतिक नेताओं और पार्टियों की धार्मिक अनुष्ठानों और प्रथाओं में आस्था है, लेकिन वे इसके बारे में कभी खुले नहीं थे। ये प्रधानमंत्री मोदी ही हैं जिन्होंने इसे स्वीकार करने में कभी हिचक नहीं दिखाई और अपने कर्तव्यों का अक्षरश- पालन करने के साथ-साथ इसके गौरव को भी फिर से स्थापित किया। उन्होंने विश्व के अन्य नेताओं को भारतवर्ष की इन अमूल्य विरासतों से परिचित कराया। किसी भी समाज की प्रगति लोगों के विश्वास और आत्म-सम्मान पर निर्भर करती है। अपनी जड़ों और अपनी संस्कृति का सम्मान करने से समाज में आत्म-सम्मान पैदा होता है। कला और संस्कृति को नरेन्द्र मोदी सरकार ने बहुत महत्व और प्रोत्साहन दिया है। कई नए संग्रहालय खोले गए हैं और कला के सभी रूपों को जगह मिली है। इससे पता चलता है कि हमारे पास क्या संभावनाएं हैं और कैसे हम 'स्लीपिंग जायंट्स' के रूप में उसांसें ले रहे थे जिसे अपनी वास्तविक क्षमता का एहसास ही नहीं था। भारत ने शिक्षा क्षेत्र में भी क्रांतिकारी कदम उठाये हैं। पुरानी औपनिवेशिक शिक्षा प्रणाली की तुलना में नई शिक्षा नीति एक ऐसी क्रांति है जो पुरातनता के साथ-साथ आधुनिक सभ्यता की बुद्धिमत्ता पर आधारित है। भारतीय प्रतिभा का पूरी दुनिया में सम्मान होता है। अब उन्हें अपनी रचनात्मकता को व्यक्त करने के लिए एक खुला मैदान मिला है। शिक्षा में सुधार की पहल ने देश में शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि की है और इसे सर्व-सुलभ बनाया है। जिस पूर्वोत्तर को लंबे समय तक नजरअंदाज किया गया, वह अपनी कई संभावनाओं के प्रति जाग्रत हो उठा है। जम्मू-कश्मीर में विकास के एक नए युग का उदय और महिलाओं को दिया गया न्याय 'न्यू इंडिया' की अवधारणा को रेखांकित करता है। यह दर्शाता है कि अपने ही लोगों के साथ की गई गलती को कैसे सुधारा जा सकता है। बहुत से लोग इस बात से वाकिफ नहीं हैं कि केंद्र सरकार ने अफगानिस्तान को एक नया संसद भवन उपहार में दिया है। नाइजीरिया में राष्ट्रपति भवन भी कुछ साल पहले भारत ने बनाया था। और अब, प्रधानमंत्री मोदी ने हमारे संविधान और परंपरा का सम्मान करते हुए भारतीय संस्कृति एवं विरासत के आधार पर एक सुंदर संसद भवन हमारे देश को समर्पित किया है। इतने कम समय में निर्मित एक अद्भुत संरचना- हर देशवासी को इस पर गर्व होना चाहिए। हालांकि कई जगह त्रुटियां हैं, कई गलतियां भी की गई, जिन्हें टाला जा सकता था, और अभी हमें बेरोजगारी, बढ़ती कीमतों तथा अन्य सामाजिक मुद्दों पर एक लंबा सफर तय करना है। वर्तमान सरकार जिस गति से चुनौतियों का समाधान कर रही है, वह वास्तव में प्रशंसनीय है और यह देश के उज्ज्वल भविष्य की उम्मीद जगाती है।

## संपादकीय

# संसद सबका गौरव है



सत्ताधारी दल के समर्थकों का बड़ा वर्ग भले संसद भवन पर गर्व करे, लेकिन विपक्ष समर्थक और बहुत से निष्पक्ष लोगों के लिए ऐसा करना फिलहाल संभव नहीं हुआ है। मगर यह सूरत बदल सकती है, अगर सरकार संसदीय परंपराओं का सम्मान करती दिखे। नए संसद भवन के उद्घाटन से ठीक पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इस नई इमारत पर देश के हर नागरिक को गर्व होगा। अब प्रधानमंत्री के पास अपने इस कथन को सचमुच सार्थक और सच साबित करने का मौका है। लेकिन इसके लिए उनकी सरकार को अपने चाल-व्यवहार और सोच में कुछ परिवर्तन लाने होंगे। उसे सबसे पहले तो यह बात आत्म-सात करनी होगी कि किसी लोकतांत्रिक व्यवस्था में जन-प्रतिनिधित्व की सबसे ऊंची संस्था पर लोग गर्व करते हैं- यह बात ज्यादा मायने नहीं रखती कि वह संस्था कैसी और किस इमारत से अपना काम करती है। ऐसी संस्था से आम जन को कुछ वाजिब उम्मीदें होती हैं। संसद को क्या करना चाहिए और उससे क्या उम्मीद रखी जानी चाहिए, इसका विस्तृत वर्णन भारतीय संविधान में भी किया गया है।बहरहाल, सबसे पहली बात तो यह है कि सरकार को- चाहे कितना बड़ा ही बहुमत क्यों ना हासिल हो- संसद का सम्मान करना चाहिए- ठीक वैसा ही सम्मान जैसा नौ साल पहले प्रधानमंत्री निर्वाचित होने के बाद संसद की सीढ़ियों पर मत्था टेक कर जताया था। लेकिन उसके बाद उनकी सरकार ने संसदीय समितियों से लेकर प्रश्न काल और अपेक्षित बहसों को लेकर एक तरह का तृरस्कार का रुख अपनाए रखा है। वर्तमान सरकार यह आत्म-सात नहीं कर पाई है, संसदीय लोकतंत्र में विपक्ष शासन का हिस्सा होता है, जिसे सरकार की कमियों को बेनकाब करने, विरोध करने और लगातार सरकार को जवाबदेह बनाए रखने का जनादेश मिला होता है। मगर सत्ताधारी पार्टी के नेता अक्सर विपक्ष मुक्त भारत की बात करते सुने गए हैं। विपक्षी नेताओं को सरकारी जांच एजेंसियों से जानबूझ कर घेरा गया है और हाल में तो प्रमुख विपक्षी दल के नेता राहुल गांधी को लोकसभा से ही बाहर कर दिया गया। इन परिस्थितियों में सत्ताधारी दल के समर्थकों का बड़ा वर्ग भले संसद भवन पर गर्व करे, लेकिन विपक्ष समर्थक और बहुत से निष्पक्ष लोगों के लिए ऐसा करना फिलहाल संभव नहीं हुआ है। मगर यह सूरत बदल सकती है, अगर प्रधानमंत्री सचमुच यह संकल्प जताएं कि अब उनकी सरकार संसद का सम्मान और उस पर गर्व करेगी।

# नार्को टेस्ट : आंदोलन की दिशा बदल न जाए



राजेंद्र सजवानकुश्ती फेडरेशन के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग को लेकर जंतर-मंतर पर धरना प्रदर्शन कर रहे पहलवानों द्वारा छोड़ा गया नार्को टेस्ट का तीर अगर आत्मघाती साबित हो जाए तो हैरानी नहीं होनी चाहिए।पहलवानों ने अपनी लड़ाई को ग्लोबल मंच पर ले जाने के लिए हुंकार भरी तो लगा कि अब उनका आंदोलन सही दिशा में बढ़ चला है, लेकिन यकायक उन्होंने फेडरेशन अध्यक्ष बृजभूषण का नार्को टेस्ट कराने की मांग कर डाली। जवाब में बृजभूषण ने भी बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट के नार्को टेस्ट की मांग कर दी।लगभग तीन सप्ताह बाद पहलवानों की लड़ाई में एक बड़ा ट्विस्ट यह देखने को मिला कि वे जंतर मंतर से बाहर सड़कों पर निकल पड़े, आम नागरिक और खेलप्रेमियों से अपनी लड़ाई को मजबूती देने की गुहार लगाने लगे। इस अभियान को मजबूती देने के लिए उन्होंने गांधी समाधि पर जाकर बापू से आशीर्वाद लिया और देशवासियों को संदेश भेजा कि राजनेता उनका शोषण कर रहे हैं। महिला सशक्तिकरण की बातें करने वाले झूठ पर झूठ बोल कर उनके धर्मयुद्ध को कमजोर कर रहे हैं। लेकिन उस समय जबकि पहलवान लगातार हावी होते दिखाई दे रहे थे, नार्को टेस्ट की मांग कर शायद उन्होंने बृजभूषण जैसे खिलाड़ी को हावी होने का मौका दे दिया। दूसरी तरफ, पहलवान हैं जो खाप पंचायतों, नागरिक संगठनों और संपूर्ण खेल बिरादरी से लगातार समर्थन मांग रहे हैं। इस बीच यह आरोप भी लगाया जा रहा है कि कुछ शरारती तत्व उनके आंदोलन को कमजोर करने की कोशिश में जुटे हैं। साक्षी मलिक, विनेश फोगाट, संगीता फोगाट और बजरंग पूनिया के अनुसार जो लोग उनके न्याय युद्ध को राजनीति के चश्मे से देख रहे हैं, उन्हें पता होना चाहिए कि सरकार जानबूझ कर हमारी लड़ाई को कमजोर करने की कुचेष्टा में लगी है।विनेश कहती हैं कि सरकार को सच में बेटियों की चिंता होती तो उन्हें इस कदर सड़कों पर भटकने के लिए मजबूर नहीं किया जाता। साक्षी के अनुसार प्रधानमंत्री या अन्य कोई जिम्मेदार मंत्री हमें न्याय दिलाने के लिए आगे आता तो शायद इस कदर भटकना नहीं पड़ता। बजरंग पूनिया ने अपनी प्रतिबद्धता दोहताते हुए कहा कि वह इस लड़ाई में अपना सब कुछ न्योछावर कर देंगे लेकिन पीछे हटने का सवाल ही पैदा नहीं होता। उनके अनुसार खाप पंचायतों और किसानों को आंदोलन का हिस्सा बनाना गलत नहीं है, और न ही इसे किसी प्रकार की राजनीति माना जाए। सबकी बहन-बेटियां हैं और पूरा देश उनके समर्थन में नहीं उतरा तो बृजभूषण जैसे लोगों को बढ़ावा मिलेगा।पहलवान कह रहे हैं कि उन्होंने अपने साथ हो रहे अन्याय का मामला वैंकि मंच पर उठाया है, और कई देशों के खिलाड़ी और खेल मुखिया उनकी मदद को तैयार हैं। यदि सचमुच ऐसा हो रहा है, तो पहलवानों और सरकारी तंत्र के बीच कटुता स्वाभाविक है। वैसे भी उन्होंने आईओए अध्यक्ष पीटी उषा और जांच समिति की प्रमुख मैरी कॉम को सिरे से खारिज कर दिया था। पहलवान कह रहे हैं कि भारतीय खेलों की शीर्ष महिलाओं ने उन्हें धोखा दिया। खेल मंत्री और भारतीय खेल प्राधिकरण के अधिकारी भी गुनहगार को बचाते नजर आ रहे हैं, और उनके आंदोलन पर सरकारी मशीनरी बार-बार प्रहार कर रही है। कुछ पहलवानों के अनुसार जब बातचीत से काम नहीं बना और पहलवानों ने झुकने से इंकार कर दिया तो उनमें फूट डालने का भी प्रयास किया जा रहा है, लेकिन नार्को टेस्ट की मांग कर पहलवानों ने शायद आत्मघाती दांव खेला है, जिसकी काट बृजभूषण का पलटवार हो सकता है। शायद पहलवान अपने अध्यक्ष का शातिरपना भांपने में चूक गए। बृजभूषण को जो चाहिए था पहलवानों ने परोस कर दे दिया है। हालांकि नार्को टेस्ट को लेकर न्यायविद् और विशेषज्ञ एक राय नहीं हैं, और ज्यादातर का मानना है कि इस प्रकार का कोई टेस्ट होने नहीं जा रहा। वैसे भी ऐसे टेस्ट का कोई आधार भी नहीं है।लेकिन पहलवानों ने नार्को रूपी कैच उछाला और नेता जी ने इसे बखूबी लपक लिया, लेकिन पहलवान नहीं मानते कि उनका आंदोलन भटक गया है। राजनीतिक दलों को आमंत्रित करना भी गलत नहीं है क्योंकि जब सरकार सच्चाई से मुंह मोड़ लेगी तो देश के किसान, जवान और आम और खास नागरिक से सहयोग मांगने में कोई बुराई नहीं है। विनेश फोगाट कहती हैं कि जो लोग उनके धर्मयुद्ध को क्षेत्र, जात और अखाड़े विशेष की लड़ाई बता रहे हैं, उनकी सोच में खोट है। इतना तय है कि यौन शोषण की शिकार पहलवानों को न्याय मिलने में जितनी देरी होगी, उनका और उनकी लड़ाई का हिस्सा बने लोगों का मनोबल टूट सकता है, और भारतीय खेल इतिहास का अब तक का सबसे बड़ा आंदोलन किसी भी दिशा में बढ़ सकता है। बहरहाल, क्या नतीजा निकलता है, इसके लिए कुछ सप्ताह और महीनों तक इंतजार करना पड़ेगा। लेकिन इतना तय है कि नार्को टेस्ट जुमला बन कर रह जाएगा।

# जलवायु परिवर्तन के कारण उभर रहे हैं समुद्री तूफान



यमन में लाल सागर के तट पर बसे कॉफी के व्यापार के लिए मशहूर 'मोचा' शहर के नाम पर मई के मध्य में बंगाल की खाड़ी में कहर बन कर आए मोचा चक्रवात ने भले ही भारत में कोई बहुत बड़ा नुकसान नहीं किया हो- लेकिन भारत की तटीय आबादियों पर अब दिसंबर तक ऐसे ही कई खतरे मंडरा रहे हैं। यह एक महज प्राकृतिक आपदा नहीं है। तेजी से बदल रहे दुनिया के प्राकृतिक मिजाज ने इस तरह के तूफानों की संख्या में इजाफा किया है। जैसे-जैसे समुद्र के जल का तापमान बढ़ेगा,उतने ही अधिक तूफान हमें झेलने होंगे। यह चेतावनी है कि इंसान ने प्रकृति के साथ छेड़छाड़ को नियंत्रित नहीं किया तो साइक्लोन या बवंडर के चलते सागर किनारे वाले शहरों में आम लोगों का जीना दूभर हो जाएगा । जलवायु परिवर्तन पर 2019 में जारी इंटर गवनमेंट समूह (आईपीसीसी) की विशेष रिपोर्ट ओशन एंड क्रायोस्फीयर इन ए चेंजिंग क्लाइमेट के अनुसार सारी दुनिया के महासागर 1970 से ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन से उत्पन्न 90 फीसदी अतिरिक्त गर्मी को अवशोषित कर चुके हैं। जिससे महासागर गर्म हो रहे हैं। इसी से चक्रवात का जल्दी-जल्दी आने वाला और खतरनाक चेहरा सामने आ रहा है। मोचा तूफान के पहले बंगाल खाड़ी में जलवायु परिवर्तन के चलते समुद्र जल सामान्य से अधिक गर्म हो गया था। उस समय समुद्र की सतह का तापमान औसत से लगभग 0.51 डिग्री सेल्सियस अधिक गर्म था , कुछ क्षेत्रों में यह सामान्य से लगभग 1.2 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया था। जान लें कि समुद्र का 0.1 डिग्री तापमान बढ़ने का अर्थ है चक्रवात को अतिरिक्त ऊर्जा मिलना। हवा की विशाल मात्रा के तेजी से गोल-गोल घूमने पर उत्पन्न तूफान उष्णकटिबंधीय चक्रीय बवंडर कहलाता है। पृथ्वी भौगोलिक रूप से दो गोलार्धों में विभाजित है। ठंडे या बर्फ वाले उत्तरी गोलार्द्ध में उत्पन्न इस तरह के तूफानों को हरिकेन या टाइफून कहते हैं । इनमें हवा का घूर्णन घड़ी की सुइयों के विपरीत दिशा में एक वृत्ताकार रूप में होता है। जब बहुत तेज हवाओं वाले उग्र आंधी-तूफान अपने साथ मूसलाधार वर्षा लाते हैं तो उन्हें हेरकेन कहते हैं। जबकि भारत के हिस्से दक्षिणी अर्द्धगोलार्ध में इन्हें चक्रवात या साइक्लोन कहा जाता है। इस तरफ हवा का घुमाव घड़ी की सुइयों की दिशा में वृत्ताकार होता है। किसी भी उष्णकटिबंधीय अंधड़ को चक्रवाती तूफान की श्रेणी में तब गिना जाने लगता है जब उसकी गति कम से कम 74 मील प्रति घंटे हो जाती है। ये बवंडर कई परमाणु बमों के बराबर ऊर्जा पैदा करने की क्षमता वाले होते हैं।

धरती के अपने अक्ष पर घूमने से सीधा जुड़ा है चक्रवाती तूफानों का उठना। भूमध्य रेखा के नजदीकी जिन समुद्रों में पानी का तापमान 26 डिग्री सेल्सियस या अधिक होता है,वहां ऐसे चक्रवात उभरने की संभावना होती है। तेज धूप में जब समुद्र के ऊपर की हवा गर्म होती है तो वह तेजी से ऊपर की ओर उठती है। बहुत तेज गति से हवा के उठने से नीचे कम दवाब का क्षेत्र विकसित हो जाता है। कम दवाब के क्षेत्र के कारण वहां एक शून्य या खालीपन पैदा हो जाता है। इस खालीपन को भरने के लिए आसपास की ठंडी हवा तेजी से झपटती है । चूंकि पृथ्वी भी अपनी धुरी पर एक लट्टू की तरह गोल घूम रही है सो हवा का रुख पहले तो अंदर की ओर ही मुड़ जाता है और फिर हवा तेजी से खुद घूर्णन करती हुई तेजी से ऊपर की ओर उठने लगती है। इस तरह हवा की गति तेज होने पर नीचे से ऊपर बहुत तेज गति में हवा भी घूमती हुई एक बड़ा घेरा बना लेती है। यह घेरा कई बार दो हजार किलोमीटर के दायरे तक विस्तार पा जाता है। सनद रहे भूमध्य रेखा पर पृथ्वी की घूर्णन गति लगभग 1038 मील प्रति घंटा है जबकि ध्रुवों पर यह शून्य रहती है। इस तरह के बवंडर संपत्ति और इंसान को तात्कालिक नुकसान तो पहुंचाते ही हैं , इनका दीर्घकालिक प्रभाव पर्यावरण पर पड़ता है । भीषण बरसात के कारण बन गए दलदली क्षेत्र, तेज आंधी से उजड़ गए प्राकृतिक वन और हरियाली, जानवरों का नैसर्गिक पर्यावास समूची प्रकृति के संतुलन को उजाड़ देता है। जिन वनों या पेड़ों को संपूर्ण स्वरूप पाने में दशकों लगे वे पलक झपकते नेस्तनाबूद हो जाते हैं। तेज हवा के कारण तटीय क्षेत्रों में मीठे पानी मे खारे पानी और खेती वाली जमीन पर मिट्टी व दलदल बनने से हुए क्षति को पूरा करना मुश्किल होता है। भारतीय उपमहाद्वीप में हर बार पहले से घातक तूफान आने का असल कारण इंसान द्वारा किये जा रहे प्रकृति के अंधाधुंध शोषण से उपजी पर्यावरणीय त्रासदी 'जलवायु परिवर्तन' भी है। अमेरिका की अंतरिक्ष शोध संस्था नेशनल एयरोनाटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन - नासा की चेतावनी है कि जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रकोप से चक्रवाती तूफान और खूंखार होते जाएंगे। जलवायु परिवर्तन के कारण उष्णकटिबंधीय महासागरों का तापमान बढ़ने से सदी के अंत में बारिश के साथ भयंकर बारिश और तूफान आने की दर बढ़ सकती है। अमेरिका में नासा के जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी (जेपीएल) के नेतृत्व में यह अध्ययन किया गया। इसमें औसत समुद्री सतह के तापमान और गंभीर तूफानों की शुरुआत के बीच संबंधों को निर्धारित करने के लिए उष्णकटिबंधीय महासागरों के ऊपर अंतरिक्ष एजेंसी के वायुमंडलीय इन्फ्रारेड साउंडर (एआईआरएस) उपकरणों द्वारा 15 सालों तक एकत्र आकंड़ों के आकलन से यह बात सामने आई। अध्ययन में पाया गया कि समुद्र की सतह का तापमान लगभग 28 डिग्री सेल्सियस से अधिक होने पर गंभीर तूफान आते हैं। 'जियोफिजिकल रिसर्च लेटर्स'(फरवरी 2019), में प्रकाशित अध्ययन में बताया गया है कि समुद्र की सतह के तापमान में वृद्धि के कारण हर एक डिग्री सेल्सियस पर 21 प्रतिशत अधिक तूफान आते हैं। भारी बारिश के साथ तूफान आमतौर पर साल के सबसे गर्म मौसम में ही आते हैं।

# लोकमाता अहिल्याबाई ने समाज को एकजुट होने की लोगों को प्रेरणा दी : डॉ अरविंद सिंह भदौरिया

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड। अटेर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत परा में रानी अहिल्याबाई होलकर की 298 जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई जिसमें बघेल समाज ही नहीं सर्व समाज ने भाग लेकर इस कार्यक्रम को पूर्ण रूप से सर्वव्यापी बनाया। जयंती समारोह में मध्य प्रदेश सरकार के सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया ने संबोधित करते हुए कहा कि अहिल्याबाई होल्कर देवी विश्व की सबसे बड़ी महान शक्ति थी जिन्होंने अपने व्यक्तित्व और कृतित्व से विधवा महिलाओं के एवं उनके संवेदनशील होकर आगे आने के लिए जन सेवा भाव से कार्य किया। उन्होंने कई राज्य की सीमाओं से बाहर भारत भर के प्रसिद्ध तीर्थ स्थानों पर मंदिर और बांध बनवाई कुआं और बावरियों का निर्माण कराया मार्ग बनवाएं और काशी विश्वनाथ में शिवलिंग को स्थापित किया, भूखों के लिए अन्य शस्त्र अन्य क्षेत्र खोले गए प्रयासों के लिए प्याऊ और मंदिरों में विद्वानों की नियुक्तियां भी कराएंगे यह उनका बड़ा योगदान इस देश के लिए रहा। उन्होंने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के नाम से समुदायिक भवन बनाए जाने की घोषणा की।

सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री अरविंद सिंह भदौरिया ने ग्राम पंचायत परा के बालाजी गार्डन में आयोजित अहलियाबाई होलकर की जयंती समारोह में आए समाज को संबोधित करते हुए कहा किमहारानीअहिल्याबाई इतिहास-प्रसिद्ध सूबेदार मल्हारराव होलकर के पुत्र खंडेराव की पत्नी थीं। जन्म इनका सन् 1725 में हुआ था और देहांत 13 अगस्त 1795 को तिथि उस दिन भाद्रपद कृष्णा चतुर्दशी थी। अहिल्याबाई किसी बड़े भारी राज्य की रानी नहीं थीं। उनका कार्यक्षेत्र अपेक्षाकृत सीमित था। फिर भी उन्होंने जो कुछ किया, उससे आश्चर्य होता है। महारानी अहिल्याबाई होलकर भारत के मालवा साम्राज्य की मराठा होलकर महारानी थी अहिल्याबाई का जन्म 31 मई 1725 को महाराष्ट्र के अहमदनगर के छौंड़ी ग्राम में हुआ. उनके पिता मंकोजी राव शिंदे, अपने गाव के पाटिल थे. उस समय महिलाये स्कूल नही जाती थी, लेकिन अहिल्याबाई के पिता ने उन्हें लिखने -पड़ने लायक पड़ाया. अहिल्याबाई के पति खांडेराव होलकर 1754




के कुम्भेर युद्ध में शहीद हुए थे. 12 साल बाद उनके ससुर मल्हार राव होलकर की भी मृत्यु हो गयी. इसके एक साल बाद ही उन्हें मालवा साम्राज्य की महारानी का ताज पहनाया गया।वह हमेशा से ही अपने साम्राज्य को मुस्लिम आक्रमणकारियो से बचाने की कोशिश करती रही. बल्कि युद्ध के दौरान वह खुद अपनी सेना में शामिल होकर युद्ध करती थी. उन्होंने तुकोजीराव होलकर को अपनी सेना के सेनापति के रूप में नियुक्त किया था।रानी अहिल्याबाई ने अपने साम्राज्य महेश्वर और इंदौर में काफी मंदिरो का निर्माण भी किया था. इसके साथ ही उन्होंने लोगो के रहने के लिए बहोत सी धर्मशालाए भी बनवायी, ये सभी धर्मशालाए उन्होंने तीर्थस्थान जैसे गुजरात के द्वारका, काशी विश्वनाथ, वाराणसी का गंगा घाट, उज्जैन, नाशिक, विष्णुपद मंदिर और बैजनाथ के आस-पास ही बनवायी। मुस्लिमआ क्रमणकारियो के द्वारा तोड़े हुए मंदिरो को देखकर ही उन्होंने सोमनाथ में शिवजी का मंदिर बनवाया. जो आज भी हिन्दुओ द्वारा पूजा जाता है. महारानी अहिल्याबाई इतिहास-प्रसिद्ध सूबेदार मल्हारराव होलकर के पुत्र खंडेराव की पत्नी थीं। जन्म इनका सन् 1725 में हुआ था और देहांत 13 अगस्त 1795 को; तिथि उस दिन भाद्रपद कृष्णा चतुर्दशी थी। अहिल्याबाई किसी बड़े भारी राज्य की रानी नहीं थीं। उनका कार्यक्षेत्र अपेक्षाकृत सीमित था। फिर भी उन्होंने जो कुछ किया, उससे आश्चर्य होता है।महारानी अहिल्याबाई होलकर भारत के मालवा साम्राज्य की मराठा होलकर महारानी थी.अहिल्याबाई का जन्म 31 मई 1725 को महाराष्ट्र के अहमदनगर के छौंड़ी ग्राम में हुआ. उनके पिता मंकोजी राव शिंदे, अपने गाव के पाटिल थे. उस समय महिलाये स्कूल नही जाती थी, लेकिन अहिल्याबाई के पिता ने उन्हें लिखने -पड़ने लायक पड़ाया।अहिल्याबाई के पति खांडेराव होलकर 1754 के कुम्भेर युद्ध में शहीद हुए थे। 12 साल बाद उनके ससुर मल्हार राव होलकर की भी मृत्यु हो गयी. इसके एक साल बाद ही उन्हें मालवा साम्राज्य की महारानी का ताज पहनाया गया.वह हमेशा से ही अपने साम्राज्य को मुस्लिम आक्रमणकारियो से बचाने की कोशिश करती रही. बल्कि युद्ध के दौरान वह खुद अपनी सेना में शामिल होकर युद्ध करती थी,उन्होंने तुकोजीराव होलकर को अपनी सेना के सेनापति के रूप में नियुक्त किया था.रानी अहिल्याबाई ने अपने साम्राज्य महेश्वर और इंदौर में काफी मंदिरो का निर्माण भी किया था। उन्होंने कहा कि लोगो के रहने के लिए बहोत सी धर्मशालाए भी बनवायी, ये सभी धर्मशालाए उन्होंने मुख्य तीर्थस्थान जैसे गुजरात के द्वारका, काशी विश्वनाथ, वाराणसी का गंगा घाट, उज्जैन,नाशिक,विष्णुपद मंदिर और बैजनाथ के आस-पास ही बनवायी. मुस्लिम आक्रमणकारियो के द्वारा तोड़े हुए मंदिरो को देखकर ही उन्होंने सोमनाथ में शिवजी का मंदिर बनवाया. जो आज भी हिन्दुओ द्वारा पूजा जाता है। राज्यमंत्री भदौरिया ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर जैसी महिलाएं ने समाज और देश के लिए वीरांगन बनकर भारत को आगे बढ़ाने का काम किया है। हम सब उनके विचारों को समाज के अंतिम छोर तक व्यक्ति तक पहुंचा कर उन्हें जागृत करें। इस अवसर पर देवेंद्र सिंह भदौरिया ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर के सामाजिक विचारों के साथ हम सबको प्रेरणा मिली है वह महिला थी और पूरे विश्व में लोक माता के रूप में जागृत हुई उन्होंने गरीब मजदूर एवं शिक्षा के क्षेत्र में लोगों को जागृत किया है। कार्यक्रम में मंत्री डॉक्टर भदौरिया ने प्रबुद्ध जनों को अहिल्याबाई होल्कर के छायाचित्र के साथ उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री अशोक सिंह बघेल,जिला उपाध्यक्ष शिवराज सिंह यादव पूर्व प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य देवेंद्र सिंह बघेल विधायक प्रतिनिधि विकास शर्मा,ग्राम पंचायत के सरपंच सुरेश चकवा,महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सरोज जोशी जिला मीडिया प्रभारी महिला मोर्चा ज्योति सुदर्शन बौहरे , पूर्व सरपंच उमा बघेल पीपरी मंडल के अध्यक्ष रायसिंह नरवरिया,मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र पालीवाल मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र भदौरिया,अध्यक्ष संतोष सिंह तोमर भाजपा नेता राजीव सिंह भदौरिया रिदैली मंचासीन थे।

## आरोग्य स्वास्थ्य सदन मालनपुर के प्रभारी डॉ तोमर ने बांटे मरीजों एवं मजदूरों को फल

**पुष्पांजली टुडे संवाददाता मालनपुर पहलवान सिंह राजावत**

मालनपुर उद्योग क्षेत्र मालनपुर के आरोग्यं स्वास्थ्य सदन के प्रभारी डॉ मोहनीश तोमर आज निर्जला एकादशी के उपलक्ष में अस्पताल के साथ-साथ फैक्ट्री एरिया में बनी मजदूरों की झुग्गी झोपड़ियों में स्वयं स्टाफ के साथ जाकर फल वितरित किए बता दें कि डॉ तोमर ने जब से इस अस्पताल का कार्यभार संभाला है तब से एक चिकित्सक ही नहीं उन्होंने इस अस्पताल परिसर में समाज सेवा का जो दायित्व होता है वह खूबी देखने और सुनने को मिल रहा है समाजसेवी डॉ एम एस तोमर ने आज उद्योग क्षेत्र में गोदरेज कंपनी के द्वारा बनाए जा रहे पीछे प्लांट में बनी गरीब मजदूरों की झुग्गी झोपड़ियों में स्वयं जाकर अपने स्टाफ के साथ केले और बिस्किट एवं ठंडे पानी का वितरण किया अपने स्टाफ के साथ-साथ निर्जला एकादशी के उपलक्ष में डॉक्टर तोमर ने इस आरोग्य सदन मालनपुर में स्वयं के कुछ जन सहयोग से कुछ ना कुछ अस्पताल में समाज सेवा के रूप में करते रहते हैं चाहे अस्पताल परिसर में सौंदर्यीकरण का हो या पानी पीने व्यवस्था के लिए या पौधा लगाकर गार्डन की समूचे गार्डन की देखभाल पौधों की करना और समय सीमा में समूचा समय शासन के नियम अनुसार प्रतिदिन अपनी ड्यूटी पर मरीजों को देखना एवं समाजसेवी की तरह डॉ एक सरल स्वभाव और अपने कर्तव्य निष्ठता से अपने काम से काम रख कर अपने जीवन को सेवा भाव से नौकरी के साथ-साथ सार्थक बना रहे हैं इस संबंध में डॉक्टर तोमर से चर्चा हुई तो उन्होंने बताया कि जीवन एक पानी का बुल बुल है इसका अंत की कोई सीमा नहीं कब फूट जाए वैसे तो परमात्मा ने मेरे माता पिता के आशीर्वाद से मुझे सब कुछ दिया है परंतु मेरा लक्ष्य स्वास्थ्य केंद्र विभाग में नौकरी कर गरीब मजदूरों एवं बेसहारा लोगों के लिए जितना हो सके उतना सहारा बन सकूं मेरे जीवन में कम ही रहेगा मेरी सोच विचार समाज सेवा के कार्य करने में प्रमुख उद्देश्य है ईस अवसर पर इस नेक कार्य में राहुल सोनी विक्रम रावत आदि स्वास्थ्य विभाग कर्मचारी मौजूद रहे।

## तंबाकू की आदत मौत को दावत

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर। अंतरराष्ट्रीय तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर शासकीय कमला राजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय ग्वालियर में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा महाविद्यालय परिसर में व्याख्यान और शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ग्वालियर चंबल संभाग के अतिरिक्त संचालक डॉ कुमार रत्नम ने छात्राओं को मार्गदर्शन करते हुए कहा नशा मुक्ति मात्र एक दिवस नहीं जीवन शैली होना चाहिए।उन्होंने बताया कि वह भी एक पूर्व स्वयसेवक रह चुके हैं और राष्ट्रीय सेवा योजना समाज परिवर्तन में एक मुख्य भूमिका निभाता है।जिसके लिए युवाओं से सबसे बड़ी अपेक्षा है उन्होंने कहा कि युवाओं के मन में संकल्प होना चाहिए समाज को जागरूक करने का।कार्यक्रम के अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ एमआर कौशल ने छात्राओं से आवाहन किया की वे अपने परिवार से नशा मुक्ति के लिए पहल करें क्योंकि भारत की संस्कृति में बेटियों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है।महिलाएं अपने



घरों में पतियों से निशा ना करने हेतु प्रेरित करती रहती हैं।उन्होंने बताया कि नशे से शरीर दूषित होता है इसकी रोकथाम में परिवार की बेटियों का योगदान महत्वपूर्ण हो सकता है इसलिए बेटियों का जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है।जिससे वह समाज में एक नशा विरोधी वातावरण निर्मित करने हेतु अपना योगदान दे सकें। लकार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डॉ हरीश अग्रवाल ने तंबाकू निषेध हेतु सभी को शपथ ग्रहण करवाई।कार्यक्रम का संचालन एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ वीणा शुक्ला द्वारा किया गया।इस अवसर पर महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ जयश्री चौहान,डॉ मोहित आर्य डॉ मंजू चोरड़िया,डॉ आनंद सिंह,डॉ अर्चना कुशवाह,शिशिर कश्यप और राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी संगीता सोमवंशी उपस्थित रहे।कार्यक्रम का आभार व्यक्त और आंचल कुशवाह और दिव्या माहौर द्वारा किया गया।इसके बाद छात्राओं ने तंबाकू निषेध विषय पर नारे लिखें और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बताया कि किस प्रकार धूम्रपान, तंबाकू इत्यादि हमारे शरीर के लिए हानिकारक है और यह कैंसर का कारण बनता है छात्राओं ने यह भी बताया कि किस प्रकार तंबाकू या अन्य नशीले पदार्थ एक हमारे हंसते खेलते परिवार को बर्बाद कर देता है। स्वयंसेविका ने महाविद्यालय में अन्य छात्राओं को इसके प्रति जागरूक किया और उन से अनुरोध किया कि वह अपने परिवार और आमजन को भी इसके प्रति जागरूक करें।

## लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की जयंती पर शहर में निकला भव्य चल समारोह

### बघेल पाल समाज के अलावा अन्य समाज के लोग भी हुए शामिल





**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । शहर में तय कार्यक्रम के अनुसार 31 मई को लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 298 वीं जयंती पर भव्य चल समारोह अयोजन किया गया युवा पाल कांग्रेस समन्वय प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रामशेष बघेल ने जानकारी देते हुए बताया कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर भिंड शहर में बड़ी धूमधाम से भव्य चल समारोह निकाला गया जिसमें अटेर ,मेहगांव गोहद ,लहार भिंड पांचों विधानसभा क्षेत्रों के मुख्यालय से रैली निकालकर लोग भिंड पहुंचे जहां पुरानी गल्ला मंडी में सभी रैलियों का समागम हुआ वही प्रदेश अध्यक्ष रामशेष बघेल ने आगे बताया कि चल समारोह में बघेल समाज एवं सर्व समाज के लोग हजारों की संख्या में शामिल हुए ये चल समारोह दोपहर करीब 1 बजे पुरानी गल्ला मंडी से परेड चौराहा, भारौली तिराया,लहर चुंगी होते हुए एम जे एस कॉलेज के सामने स्वतंत्र नगर लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर चल समारोह का समापन हुआ इस इस अवसर पर प्रदेश संरक्षक जय श्रीराम बघेल, कांग्रेस जिला अध्यक्ष मान सिंह कुशवाहा,संजीव बघेल एवं हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए।

## श्वांस ठीक तो सबकुछ ठीक, कैदियों को दिये ईश्वर से साक्षात्कार के टिप्स

**खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजली टुडे**

खरगोन निप्र। मानव जीवन तब ही सफल माना जाता है, जब हमारा साक्षात्कार ईश्वर से हो। यह संभव है बशर्ते आप अपने दैनिक जीवन में प्राणायाम, ध्यान, योग और प्रार्थना को शामिल करें। आपकी श्वांस ठीक है तो सबकुछ ठीक होगा, मन स्थिर होगा। यह बात हार्ट फूलनेस, मेडिटेशन एवं योगा प्रशिक्षक रिटायर्ड कर्नल उत्तम पाटिल( धुलिया, महाराष्ट्र) ने कही। वे बुधवार सुबह स्थानीय जिला जेल में आर्ची सोश्यल वेलफेयर फाऊंडेशन, खरगोन एवं जनअभियान परिषद द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित मोटिवेशन कार्यक्रम के तहत कैदियों का मार्गदर्शन करते हुये कही। उन्होंने कहा कि प्राणायाम के माध्यम से हम श्वांस पर कंट्रोल कर हृदय को मजबूत और मन पर विजय पा सकते हैं। इस अवसर पर प्रशिक्षक कर्नल पाटिल ने उपस्थित कैदियों को प्राणायाम के साथ हो ध्यान के विभिन्न टिप्स बताये। ध्यान को लेकर उन्होंने कहा हम जिस पर ध्यान केंद्रित करते हैं जीवन में उसका अधिक प्रभाव पड़ता है। हम मनुष्य तो हैं लेकिन हमारे अंदर पशुवृत्तियाँ भी मौजूद है। हम में कई खामियां है जिन्हें हम ध्यान से दूर कर सकते हैं। दैनिक जीवन में प्राणायाम, योग और ध्यान हमें पशुवृत्ति से मनुष्य वृत्ति की ओर ले जाते हैं। यही स्थिति हमें आत्मा रूपी ईश्वर से साक्षात्कार कराती है। मानव जीवन की सफलता इसी में निहित है। इस अवसर पर उन्होनें कहा मन और हृदय की थकावट शारीरिक थकावट से ड़्यादा होती है। उन्होंने इस थकावट को दूर करने के कुछ प्रयोग बताये साथ ही सोने से पहले अच्छी नींद के समन्वयक विजय शर्मा, जेल अधीक्षक जे. मंडलोई, उप जेल अधीक्षक प्रसाद, जनअभियान परिषद की ब्लॉक समन्वयक मोनिका नामदेव, फाउंडेशन सचिव सुश्री आर्ची पाटीदार, संयोजक तरुण सोनी, सदस्य अमित भालसे सहित जेल प्रबंधन के अधिकारी-



लिये प्रार्थना के महत्व पर प्रकाश डालते हुये टिप्स बताये। कार्यक्रम में आर्ची सोश्यल वेलफेयर फाउंडेशन अध्यक्ष श्रीमती रानी पाटीदार, जनअभियान परिषद के जिला कर्मचारी ओर बड़ी संख्या में कैदी उपस्थित थे। अथितियों का स्वागत फाउंडेशन अध्यक्ष श्रीमती पाटीदार ने किया। संचालन संयोजक तरुण सोनी ने किया। आभार श्रीमती पाटीदार ने माना।



## सुमिषी अस्पताल परिसर में नारी सम्मान कार्यक्रम को लेकर बैठक

**खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजली टुडे**

मध्यप्रदेश कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के निर्देश पर खरगोन विधानसभा क्षेत्र के विधायक रवि जोशी जिला कांग्रेस अध्यक्ष रवि नाइक ब्लाक कांग्रेस कमेटी खरगोन शहर अध्यक्ष पुरना ठाकुर के नेतृत्व में नारी सम्मान योजना के तहत सुमिषी अस्पताल परिसर पर बैठक रखी गई जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित हुए नारी सम्मान योजना कार्यक्रम के दौरान विधायक रवि जोशी जिला कांग्रेस अध्यक्ष रवि नाइक शहर कांग्रेस अध्यक्ष पुरना ठाकुर द्वारा कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं से विस्तृत रूप से चर्चा की कहा गया की कांग्रेस सरकार बनने पर गैस सिलेंडर 500 रूपए में मिलेगा 02 लाख रुपए तक क़र्ज़ माफ़ किया जायेगा किसानों का नारी सम्मान योजना के तहत प्रत्येक माता बहनों को प्रति माह 1500 दिया जायेगा विधायक रवि जोशी ने कार्यकर्ताओं को बताया गया अपने अपने वार्ड में ग्रामीण क्षेत्रों में घर घर जाकर नारी सम्मान योजना के फार्म भरे जाये कार्यकर्ता भी घरों तक पहुंच कर नारी सम्मान योजना के फार्म भरे जा रहे हैं नारी सम्मान योजना कार्यक्रम में कई ग्रामीण भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए।

## दशहरा के उपलक्ष में टोल द्वारा बाटी गई प्रसादी



**पुष्पांजली टूडे मालनपुर संवाददाता, पहलवान सिंह राजावत**

ज्येष्ठ मास के बड़ा मंगलवार एवं दशहरा के शुभ अवसर पर पी एन सी कंपनी टोल प्लाजा बरेठा नेशनल हाईवे पर कंपनी के प्रबंधक अमित सिंह राठौर के निर्देशन में टोल प्रभारी ओमवीर सिंह भदौरिया ने अपने स्टाफ के साथ इस नेशनल हाईवे 719 से निकलने वाले राहगीरों को स्टॉल लगाकर प्रसादी वितरित की सुबह 8 बजे से लेकर सारे दिन बांटने में लगे रहे हैं जहां पर बस, ट्रक चालक एवं दोपहिया वाहन अपने-अपने वाहनों को रोककर सैकड़ों की संख्या में प्रसादी ग्रहण की दशहरा के उपलक्ष में जनता ने भरपूर प्रसादी ग्रहण कर ठंडा सीतल जल् का आनंद लिया इस अवसर पर टोल प्रभारी ओमवीर सिंह भदौरिया ने अपने शब्दों में कहा है कि हमारी कंपनी द्वारा आम जनता को सुख सुविधाओं में हमेशा तात्पर है कंपनी के लोग तत्पर खड़े रहते हैं जेष्ठ मास के बड़े मंगलवार एवं दशहरा के उपलक्ष में यहां कार्यक्रम सब्जी पुड़ी खिलाने का रखा गया है इस शुभ अवसर पर ओमप्रकाश बेनिवाल, राघवेंद्र शर्मा, एवं समस्त पुल कर्मचारी मौजूद रहे।

जडेजा ने आखिरी 2 गेंद पर 10 रन बनाए..चेन्नई चैंपियन

# चेन्नई ने पांचवीं बार आई पी एल का खिताब जीता, धोनी ने की रोहित की बराबरी

**अहमदाबाद।** चेन्नई सुपर किंग्स ने दो दिन के लंबे इंतजार के बाद अहमदाबाद के मौसम की मनमानी और गत चैंपियन गुजरात टाइटन्स को मात देकर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का खिताब रिकॉर्ड पांचवीं बार जीत लिया। गुजरात ने वर्षाबाधित खिताबी मुकाबले में युवा वामहस्त बल्लेबाज साई सुदर्शन (47 गेंद, 96 रन) के आतिशी अर्द्धशतक की मदद से चेन्नई के सामने 215 रन का विशाल लक्ष्य रखा, जिसे बारिश के कारण घटाकर 15 ओवर में 171 रन कर दिया गया। चेन्नई ने बल्लेबाजों के संयुक्त साहसी प्रयास की मदद से यह लक्ष्य आखिरी गेंद पर हासिल करते हुए पांच विकेट से जीत दर्ज की। सुदर्शन आईपीएल फाइनल में शतक जडने वाले बल्लेबाजों की सूची में भले ही अपना नाम नहीं लिखा सके, लेकिन उन्होंने 47 गेंद पर आठ चौकों और छह छक्कों की मदद से 96 रन बनाकर गुजरात को फाइनल के सबसे बड़े स्कोर तक पहुंचा दिया। संभवतः धोनी के आखिरी आईपीएल में यह लक्ष्य चेन्नई के लिये मुश्किल था, लेकिन असंभव नहीं। रोमांच और उत्साह से भरी रात में लंबी खींचातानी के बाद चेन्नई को आखिरी दो गेंदों पर 10 रन की जरूरत थी। रवींद्र जडेजा ने पहली गेंद पर छक्का और दूसरी गेंद पर चौका जड़के चेन्नई को जीत दिला दी। यह चेन्नई का पांचवां आईपीएल खिताब है और उसने सर्वाधिक आईपीएल जीतने के मामले में मुंबई इंडियन्स की बराबरी कर ली है। इन दोनों टीमों के बाद सिर्फ कोलकाता नाइट राइडर्स (दो) ने एक से अधिक बार यह टूर्नामेंट जीता है। चेन्नई ने बारिश के बाद घटे हुए लक्ष्य का पीछा तेजी से करना शुरू किया। रुतुराज गायकवाड़ ने पहले ही ओवर में मोहम्मद शमी को दो चौके जड़ते हुए 10 रन जोड़े, जबकि कॉनवे ने अगले ओवर में हार्दिक पांड्या को एक छक्का और एक चौका लगाया। गायकवाड़-कॉनवे ने 39 गेंद पर 74 रन की साझेदारी कर डाली। मैच गुजरात के हाथ से फिसलता जा रहा था लेकिन नूर अहमद ने सातवें ओवर में गायकवाड़ और कॉनवे दोनों को



पवेलियन भेज दिया। नूर ने अपने निर्धारित तीन ओवरों में मात्र 17 रन दिये, लेकिन चेन्नई ने उनके हमवतन राशिद खान के तीन ओवरों में 44 रन बटोरकर इसकी भरपाई कर ली। रनों की बरसात के बीच मोहित शर्मा ने तीन महत्वपूर्ण विकेट निकालकर गुजरात को मैच में बरकरार रखा। उन्होंने सबसे पहले रहाणे (13 गेंद, दो चौक, दो छक्के, 27 रन) का विकेट निकालते हुए 11वें ओवर में सिर्फ छह रन दिये, जबकि 13वें ओवर में अंबाती रायडू (आठ गेंद, 19 रन) और महेंद्र सिंह धोनी को लगातार गेंदों पर आउट कर दिया। चेन्नई को दो ओवर में 21 रन चाहिये थे लेकिन शमी ने 14वें ओवर में सिर्फ आठ रन दिये। मोहित ने आखिरी ओवर की शुरुआती चार गेंदों पर सिर्फ तीन रन दिये, जिसके बाद चेन्नई को दो गेंदों में 10 रन की जरूरत थी। जडेजा ने 20वें ओवर की पांचवीं गेंद पर छक्का जड़कर सबकी सांसें रोक दीं। आखिरी गेंद पर चेन्नई जीत से चार रन दूर थी। गेंद जडेजा के बल्ले का किनारा छूकर विकेटकीपर और लेग-स्लिप के बीच से बाउंड्री की ओर चली गयी और चेन्नई ने खिताब जीत लिया। इससे पूर्व, चेन्नई ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी और शुरुआती दो ओवरों में गुजरात के सलामी बल्लेबाजों को परेशान भी किया। दूसरे ओवर में हालांकि दीपक चाहर ने तुषार देशपांडे की गेंद पर शुभमन गिल का कैच छोड़ दिया। तीन रन के मामूली स्कोर पर जीवनदान मिलने के बाद गिल ने देशपांडे के खिलाफ हाथ खोलते हुए लगातार तीन चौके जड़े और साहा के साथ सात ओवर में 67 रन की साझेदारी कर डाली। कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने अंततः रवींद्र जडेजा की गेंद पर शानदार स्टंपिंग करते हुए गिल को पवेलियन लौटाया, लेकिन इससे पहले वह 20 गेंद पर सात चौकों की मदद से 39 रन बना चुके थे। पहला विकेट गिरने के बाद भी गुजरात की पारी नहीं रुकी और साहा ने तेजी से रन बटोरने की जिम्मेदारी अपने कंधों पर ले ली। साहा ने 36 गेंदों पर अर्द्धशतक पूरा करते हुए सुदर्शन के साथ 64 रन की अर्द्धशतकीय साझेदारी की। साहा ने 39 गेंदों की पारी में पांच चौके और एक छक्का लगाकर 54 रन बनाये जबकि चाहर ने उन्हें धोनी के हाथों कैच आउट करवाया। अनुभवी बल्लेबाज साहा के 14वें ओवर में पवेलियन लौटने के बाद चेन्नई को उम्मीद होगी कि वह गुजरात को 200 रन के नीचे रोक सकेगी, लेकिन सुदर्शन ने ऐसा नहीं होने दिया। शुरुआती 12 गेंदों पर सिर्फ 10 रन बनाने वाले सुदर्शन ने साहा के जाते ही ताबड़तोड़ बल्लेबाजी शुरी कर दी और 33 गेंद में अपना अर्द्धशतक पूरा किया। वह इसके बाद भी नहीं रुके और 17वें ओवर में देशपांडे के खिलाफ 19 रन जोड़कर शतक की ओर बढने लगे। सुदर्शन अपने पहले आईपीएल शतक से चार रन दूर मथीशा पथिराना का शिकार हुए, हालांकि इससे पहले उन्होंने हार्दिक पांड्या के साथ मात्र 32 गेंद पर 81 रन की विस्फोटक साझेदारी करके गुजरात को 200 रन के पार पहुंचा दिया। पथिराना ने आखिरी ओवर की पहली दो गेंदों पर दो छक्के खाने के बाद सुदर्शन और राशिद खान का विकेट लिया और अंतिम चार गेंदों पर सिर्फ दो रन दिये। पथिराना ने चार ओवर में 44 रन देकर दो विकेट चटकाये, जबकि जडेजा और चाहर ने अपने-अपने चार ओवरों में 38 रन देकर एक-एक सफलता हासिल की।

# भारत-पाकिस्तान ने जूनियर एशिया कप में खेला ड्रॉ

**ओमान।** भारत और चिर-प्रतिद्वंदी पाकिस्तान के खिलाफ यहां खेला गया जूनियर एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट का रोमांचक मुकाबला 1-1 की बराबरी पर खत्म हुआ। भारत के लिये बीती रात खेले गये मुकाबले में शारदा नंद तिवारी ने 24वें मिनट में गोल किया। बशारत अली ने 44वें मिनट में गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। इस ड्रॉ के बाद भारत तीन मैचों में सात अंकों के साथ पूल-ए में पाकिस्तान (सात अंक) के बाद दूसरे स्थान पर है। जापान तीन मैचों में छह अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। भारत ने जूनियर एशिया कप अभियान की शुरुआत चीनी ताइपे को 18-0 से रौंदकर की थी जबकि दूसरे मैच में उसने जापान को 3-1 से हराया था। पाकिस्तान के खिलाफ भी भारतीय युवा शुरुआत से ही आक्रामक रहे और बार-बार हमलों के साथ पाकिस्तान के डिफेंस को दबाव में रखा। भारत ने मैच के शुरुआती हिस्से में दो पेनल्टी कॉर्नर




भी अर्जित किये लेकिन उनका फायदा नहीं उठा सका। दूसरी ओर, पाकिस्तान भी कुछ मौके बनाने में कामयाब रहा। पहले क्वार्टर में पाकिस्तान पेनल्टी कार्नर के माध्यम से स्कोर करने के करीब पहुंच गया, लेकिन भारतीय गोलकीपर अमनदीप लाकड़ा ने उसे गोल करने की अनुमति नहीं दी। शारदा नंद ने अंततः दूसरे क्वार्टर में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील करते हुए भारत को बढ़त दिलाई। भारत ने पाकिस्तानी रक्षण को दबाव में पाकर नेट पर हमला जारी रखा। हाफ टाइम से पहले एक मौका गंवाने के बावजूद भारतीय टीम की बढ़त बरकरार रही। तीसरे क्वार्टर में हालांकि पाकिस्तान आक्रामक योजना के साथ उतरा और क्वार्टर की समाप्ति से ठीक पहले बशारत ने गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। आखिरी क्वार्टर में दोनो टीमें के बीच कड़ी प्रतिद्वंदिता देखने को मिली। भारत जहां पाकिस्तानी अर्द्ध में हावी रहा, वहीं पाकिस्तान ने भी लगातार जवाबी कार्रवाई करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। दोनों टीमें हालांकि कई मौके बनाने के बावजूद गोल नहीं कर सकीं और मैच ड्रॉ पर समाप्त हुआ। लीग चरण में भारत का आखिरी मुकाबला रविवार को थाईलैंड से होगा। जूनियर एशिया कप में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीतने वाली टीम एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप के लिये क्वालीफाई करेगी।

# नाबालिग पहलवान के चाचा का रेसलर्स पर आरोप

**रोहतक।** रेसलर्स और ड्ढस्नढ्ढ विवाद में नाबालिग पहलवान के चाचा ने साक्षी मलिक, विनेश फोगाट समेत अन्य पहलवानों पर आरोप लगाए हैं। रोहतक में प्रेसवार्ता कर उन्होंने कहा कि जिसे सब नाबालिग समझ रहे हैं, वह गलत है। भाई को नौकरी का लालच देकर उसकी भतीजी को विक्टिम बनाया गया है। जबकि नाबालिग के पिता ने इन सभी आरोपों को निराधार बताया और कहा कि 7 साल से उनका विवाद चल रहा है। जिसके कारण वे अलग रहते हैं। अपनी रंजिश निकालने के लिए ऐसी हरकत करता है। 10 दिन पहले स्ढ्ढञ्ज



उनके घर पहुंची तो उन्हें इसकी जानकारी मिली। टीम ने बताया कि उसकी भतीजी को नाबालिग दिखाकर विक्टिम बनाया गया है, जबकि उसकी भतीजी की उम्र 19 साल है। इसलिए पॉक्सो एक्ट नहीं बनता। स्ढ्ढञ्ज की पूछताछ के बाद उसकी मां का भी बुरा हाल है। इसके बाद उसने अपने भाई से बातचीत की और उसे समझाया। साथ ही उन्होंने खाप पंचायतों और किसान नेताओं से भी अपील की कि इन झूठे आसूंओं की भावनाओं में न बहकर अराजकता न फैलाएं। कोर्ट में मामला चल रहा है। कोर्ट ही मामले में निर्णय करेगा।

# सीएमओ अकोडा के साथ मारपीट करने वाले अज्ञात आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

*दैनिक पुष्पांजली टुडे*

*भिण्ड । पुलिस मनीष खत्री के निर्देशन एवं डीएसपी 7 हेड क्वार्टर अरविंद शाह के मार्गदर्शन में, चौकी प्रभारी अकोडा उप निरीक्षक विजय शिवहरें के नेतृत्व में दिनांक 30/05/2023 को थाना ऊमरी के अपराध कमांक 133/23 धारा 353, 332, 341, 294, 506, 34 भादवि मे फरार ईनामी बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया गया है। दिनांक 29/05/2023 को फरियादी प्रदीप ताम्रकार, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद अकोडा ने रिपोर्ट की कि मैं ऑफिस से अपने घर भिण्ड जा रहा था जैसे ही रपट पुलिया अकोडा पर पहुंचा तभी एक मोटर 7 सायकिल पर आये तीन व्यक्तियों ने मेरा रास्ता रोक लिया तथा पीछे से एक मोटर सायकिल पर दो व्यक्ति और सवार होकर आये जिन्होने मुझे कार से नीचे खींचकर एक राय होकर आरोपियों ने मेरी मारपीट कर दी। फरियादी की रिपोर्ट पर से एक ज्ञात तथा 4 अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध थाना ऊमरी पर अपराध पंजीबद्ध किया गया । मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु टीम घटित की गई तथा आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु प्रत्येक आरोपी पर 2- 2 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया। गठित टीम द्वारा तत्परता दिखाते हुये अपने खुफिया तंत्र को सकिय करते हुये आरोपीगणो की पतारसी की गई, तथा कुछ ही घंटो मे गठित टीम द्वारा उक्त प्रकरण के ईनामी अज्ञात आरोपियों को ज्ञात कर 4 आरोपियो को गिरफ्तार कर लिया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी ऊमरी उ.नि. मलखान सिंह, थाना प्रभारी बरोही बृजमोहन सिंह भदौरिया, उ.नि. विजय शिवहरे चौकी अकोडा प्रभारी, स0 उ0नि0 सत्यवीर सायबर सैल भिण्ड प्रधान आरक्षक आशीष तिवारी, राजवीर सिहं यादव, आरक्षक संतोष जाट, आलेश सिंह यादव, धर्मपाल परिहार, विमल भदौरिया, आनंद दीक्षित सायबर सैल भिण्ड की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।*

## धरना दे रहे पहलवान दिल्ली से लौटे

**पानीपत।** महिला पंचायत में शामिल होने नई संसद की ओर जा रहे रेसलर्स की रविवार को दिल्ली पुलिस से झड़प हुई थी। जंतर-मंतर पर रविवार को पुलिस से हुई झड़प के बाद पहलवान सोमवार को दिल्ली से घर लौट गए हैं। पुलिस ने कहा कि हमने 38 दिन से धरना दे रहे पहलवानों को हर मुमकिन सुविधा दी थी, लेकिन रविवार को इन लोगों ने कानून तोड़ा। डिप्टी पुलिस कमिश्नर सुमन नालवा ने कहा- अगर पहलवानों ने अगली बार धरने की इजाजत मांगी तो हम उन्हें जंतर-मंतर नहीं, दूसरी जगह पर भेजेंगे। दरअसल, रविवार को झड़प के बाद रेसलर साक्षी ने कहा था कि अब जंतर-मंतर पर सत्याग्रह करेंगे। रविवार को नई संसद के सामने महिला महापंचायत बुलाई गई थी। रेसलर्स ने वहां जाने के लिए मार्च निकाला और बैरिकेड्स भी तोड़े। इस दौरान पुलिस के साथ झड़प भी हुई।

# राजस्व व खनिज विभाग द्वारा रेत के अवैध भण्डारण पर कार्यवाही

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**5 हजार घनमीटर रेत किया जब्त**

भिण्ड । पुलिस थाना अमायन को सूचना प्राप्त हो रही थी कि ग्राम राजवरेठी में कुछ लोगो द्वारा सिंध नदी से रेत का उत्खनन कर खेतो में अवैध भण्डारण कर रखा है। मुखविर द्वारा प्राप्त सूचना पर से अमायन थाना पुलिस द्वारा एसडीओपी मेहगांव, एसडीएम महोदय मेहगांव एवं जिला खनिज अधिकारी को कार्यवाही हेतु सूचना दी गई एवं उक्त अवैध भण्डारण पर कार्यवाही हेतु पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री को अवगत कराकर जिला दण्डाधिकारी डॉ सतीश कुमार एस के माध्यम से सयुक्त कार्यवाही किये जाने हेतु निवेदन किया गया । दिनांक 31/05/23 को उक्त रेत के अवैध भण्डारण की प्राप्त हो रही सूचना पर कार्यवाही हेतु पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देशन में एसडीओपी मेहगांव आरकेएस राठौर, थाना प्रभारी अमायन सुनील सिकरवार एवं थाना स्टाफ तथा एसडीएम मेहगांव वरूण अवस्थी, तहसीलदार आनंद यादव एवं राजस्व की टीम तथा जिला खनिज अधिकारी भिण्ड डूडवे खनिज निरीक्षक देवेन्द्र पटले, सर्वेयर संजय धाकड़ एवं उनकी टीम को संयुक्त रूप से कार्यवाही किये जाने के निर्देश के पालन में ग्राम राजवरेठी पहुंचकर खेतो में रखे रेत के अवैध भण्डारण पर कार्यवाही की गई जिसमें करीबन 5 हजार घनमीटर रेत जो सुनील सिकरवार, प्रधान आरक्षक योगेश कुमार, आर जगन सिंह, आरक्षक जितेन्द तोमर, आर मनोज यादव। राजस्व विभाग की टीम-



कि करीब 300 ट्रक होगा को जब्त किया गया एवं कार्यवाही का पंचनामा तैयार कर प्रकरण खनिज विभाग द्वारा तैयार किया गया । अवैध भण्डारण पर कार्यवाही जारी है। सराहनीय भूमिका में पुलिस विभाग की टीमः आरकेएस राठौर एसडीओपी मेहगांव, थाना प्रभारी अमायन वरूण अवस्थी एसडीएम मेहगांव, तहसीलदार अमायन आनंद यादव एवं राजस्व निरीक्षक व पटवारी खनिज विभाग की टीम डूडवे जिला खनिज अधिकारी मिड, खनिज निरीक्षक देवेन्द पटले, सर्वेयर संजय धाकड़ एवं उनकी टीम,प्रआ,जीतू यादव,आरक्षक मनोज ।

# बीसीसीआई हाइब्रिड मॉडल के सपोर्ट में नहीं: एशिया कप को लेकर फैसला अब तक नहीं

बीसीसीआई सचिव और ्रष्टष्ट अध्यक्ष जय शाह ने ढ्ढक्क फाइनल देखने आए श्रीलंका, अफगानिस्तान बोर्ड के अधिकारियों के साथ एशिया कप को लेकर बातचीत की। बीसीसीआई सचिव और ्रष्टष्ट अध्यक्ष जय शाह ने ढ्ढक्क फाइनल देखने आए श्रीलंका, अफगानिस्तान बोर्ड के अधिकारियों के साथ एशिया कप को लेकर बातचीत की। एशिया कप 2023 के आयोजन को लेकर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (क्चष्टष्टढ्ढ) पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (क्कष्टक्च) के हाईब्रिड मॉडल के सपोर्ट में नहीं है। एशिया कप को लेकर में रविवार को इंडियन प्रीमियन लीग (ढ्ढक्क) 2023 के फाइनल के दौरान एशियन क्रिकेट काउंसिल (्रष्टष्ट) के सदस्य बोर्ड की मीटिंग भी हुई। मीटिंग के दौरान कोई निर्णय नहीं निकला। बीसीसीआई सचिव और ्रष्टष्ट अध्यक्ष जय शाह ने कहा था कि आईपीएल 2023 का फाइनल देखने बांग्लादेश, अफगानिस्तान और श्रीलंका के अध्यक्ष आएंगे। इस दौरान 2023 एशिया कप की मेजबानी पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। बता दें कि इस साल एशिया कप 2023 की मेजबानी का अधिकार पाकिस्तान के पास है। लेकिन बीसीसीआई सुरक्षा कारणों की वजह से पाकिस्तान में टीम इंडिया को भेजने से इंकार कर चुका है। क्कष्टक्च ने एशिया कप किसी न्यूट्रल वेन्यू पर कराने को कहा था, लेकिन बीसीसीआई नहीं माना। इसके बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की ओर से हाईब्रिड मॉडल पेश किया गया जिसके तहत भारत के मैचों का आयोजन किसी दूसरे देश में करवाने का ऑफर दिया गया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, क्कष्टक्च के इस हाइब्रिड मॉडल को सदस्य देशों (श्रीलंका और बांग्लादेश) ने खारिज कर दिया था। हालांकि एशियन क्रिकेट काउंसिल (्रष्टष्ट) ने कोई औपचारिक बयान नहीं दिया था।

# झूठी निराधार खबर चलाने पर मॉर्डन गुरुकुल एकेडमी पब्लिक स्कूल दबोह के संचालक को नोटिस हुआ जारी

**स्पस्टीकरण नही देने पर होगी कानूनी कार्यवाही**

भिण्ड। नपद शिक्षा केन्द्र लहार के द्वारा बुधवार 31 मई 2023 को मॉर्डन पब्लिक स्कूल दबोह के संचालक पीयूष विरथरिया को एक नोटिस जारी किया गया है।जानकारी के अनुसार पीयूष बिरथरिया द्वारा व्हाट्सएप ग्रुपो पर मान्यता प्रकरण के सम्बन्ध में कार्यालयीन कर्मचारियों का नाम लेकर पैसों के लेनदेन का आरोप लगाया गया है।जो कि पूर्णतया असत्य एवम निराधार एवं तथ्यहीन है। लहार खण्ड स्त्रोत समन्वयक द्वारा दिए गए नोटिस में इस बात का जिक्र किया गया है कि इस झूठे बायरल ऑडियो से कार्यालय की छवि व कार्यालयीन कर्मचारियों की गरिमा धूमिल हुई है।दबोह मॉडर्न गुरुकुल स्कूल के संचालक से इस ऑडियो को बिना तथ्यों के डालने पर स्पस्टीकरण मांगा गया है और चेतावनी दी गई है कि स्पस्टीकरण नही दिया गया तो कानूनी कार्यवाही की जावेगी।

बजरंग, साक्षी और विनेश हरिद्वार में हर की पौड़ी पहुंचे

# कुछ देर में मेडल गंगा में बहाएंगे; पहलवानों के विरोध में आई गंगा समिति

**पानीपत।** भारतीय कुश्ती संघ (ङ्खस्नढ्ढ) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण सिंह के खिलाफ धरना देने वाले पहलवान मंगलवार शाम 6 बजे हरिद्वार में अपने मेडल गंगा में प्रवाहित करेंगे। वे इसके लिए हरिद्वार पहुंच गए हैं। कुछ ही देर में हर की पौड़ी में मेडल बहाएंगे। इनमें साक्षी मलिक, बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट शामिल हैं। इधर, गंगा समिति पहलवानों के खिलाफ खड़ी हो गई है। उनका कहना है कि ये (हर की पौड़ी) पूजा-पाठ की जगह है, राजनीति की नहीं। रेसलर साक्षी मलिक ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि मेडल्स गंगा में प्रवाहित करने के बाद इंडिया गेट पर आमरण अनशन करेंगे। हमने पवित्रता से इन मेडल को हासिल किया था। इन मेडल को पहनाकर तेज सफेदी वाला तंत्र सिर्फ अपना प्रचार करता है। फिर हमारा शोषण करता है। राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को नहीं लौटाएंगे, क्योंकि उन्होंने हमारी कोई सुध नहीं ली। इस बीच, बृजभूषण शरण सिंह ने 5 जून को अयोध्या में महारैली बुलाई है। इसमें संत भाग लेंगे। बृजभूषण और संतों का कहना है कि पॉक्सो एक्ट का फायदा उठाकर इसका दुरुपयोग किया जा रहा है।दिल्ली पुलिस ने कहा- पहलवानों को इंडिया गेट पर



प्रदर्शन की अनुमति नहीं दी जाएगी। राष्ट्रीय स्मारक प्रदर्शन स्थल नहीं है। हरिद्वार पुलिस ने कहा कि वे पहलवानों को मेडल बहाने से नहीं रोकेगी। हरिद्वार के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने कहा कि पहलवान कुछ भी करने के लिए स्वतंत्र हैं। मुजफ्फरनगर से खाप चौधरी पहलवानों को रोकने के लिए हरिद्वार के लिए निकल गए हैं। साथ ही कई कुश्ती अखाड़े भी उनके साथ हैं। हरिद्वार में पहलवानों के मेडल विसर्जित करने के कार्यक्रम का गंगा सभा विरोध करेगी। गंगा सभा हरिद्वार के अध्यक्ष नितिन गौतम ने बताया कि यदि रेसलर यहां आकर मेडल विसर्जित करेंगे तो गंगा सभा उन्हें रोकेगी। हमें अपराधी बना दिया, शोषण करने वाला ठहाके लगा रहा। क्या हमने मेडल इसलिए जीते थे कि तंत्र हमारे साथ घटिया व्यवहार करे। हमें घसीटे और फिर हमें ही अपराधी बना दे । मेडल लौटाने पर सवाल आया कि किसे लौटाएं?, राष्ट्रपति और क्क को लौटाने पर मन नहीं माना। राष्ट्रपति कुछ नहीं बोलीं। प्रधानमंत्री ने हमें अपने घर की बेटियां बताया लेकिन एक बार भी सुध नहीं ली। यह मेडल अब हमें नहीं चाहिए क्योंकि इन्हें पहनाकर हमें मुखौटा बनाकर तंत्र सिर्फ अपना प्रचार और फिर हमारा शोषण करता है। हम उस शोषण के खिलाफ बोलें तो हमें जेल में डालने की तैयारी कर लेता है। ये मेडल सारे देश के लिए ही पवित्र हैं और पवित्र मेडल को रखने की सही जगह पवित्र मां गंगा ही हो सकती है, न कि हमें मुखौटा बना फ़ायदा लेने के बाद हमारे उत्पीड़क के साथ खड़ा हो जाने वाला हमारा अपवित्र तंत्र। अपवित्र तंत्र अपना काम कर रहा है और हम अपना काम कर रहे हैं. अब लोगों को सोचना होगा कि वह अपनी इन बेटियों के साथ खड़े हैं या इन बेटियों का उत्पीड़न करने वाले उस तेज सफ़ेदी वाले तंत्र के साथ। हरियाणा से राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने पहलवानों के फैसले पर कहा- देश का गौरव बढ़ाने वाले खिलाड़ियों से मेरी अपील है कि अपने मेडल गंगा में न बहाएं।

# 150 करोड़ कमाने वाली पहली मलयालम फिल्म बनी 2018

## बॉक्स ऑफिस पर तोड़े ये रिकॉर्ड्स


इन दिनों साउथ फिल्में शानदार प्रदर्शन कर रही हैं. कन्नड़ सिनेमा की कांतारा के बाद अब मलयालम सिनेमा का जलवा चल रहा है. सच्ची घटना पर आधारित मलयालम फिल्म 2018 ब्लॉकबस्टर हिट बन गई है. बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म ने कई रिकॉर्ड तोड़ डाले हैं. फिल्म का पूरा नाम 2018 एवरीवन इज ए हीरो रखा गया है जो साल 2018 में केरला में आई भीषण बाढ़ के मुद्दे पर बनी है. इसने बॉक्स ऑफिस पर 150 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली है. इसके साथ ही 2018 दुनियाभर में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली पहली मलयालम फिल्म बन गई है. 2018 इसी महीने 5 मई को रिलीज हुई थी. बेहद कम बजट में बनी इस थ्रिलर फिल्म ने कुछ हफ्तों में कमाई के झंडे गाड़ दिए थे. खासतौर पर केरल में 2018 अब तक सबसे ज्यादा कमाई वाली फिल्म बन गई है. इसने सुपरस्टार मोहनलाल की फिल्म पुलिमुरुगन का भी रिकॉर्ड तोड़ दिया है. साथ ही मोहनलाल की लूसिफ़ेर', का भी रिकॉर्ड ब्रेक कर दिया है जिसने मात्र 12 दिन में 100 करोड़ कमाए थे. 2018 एवरीवन इज ए हीरो





रिलीज के चौथे सप्ताह में केरल बॉक्स ऑफिस पर अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन चुकी है. इसके अलावा 2018 ने मलयालम फिल्म इंडस्ट्री की तीसरी दुनिया भर में 100 करोड़ की कमाई करने वाली फिल्म का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया है. ऐसे में 2018 साउथ की ब्लॉकबस्टर फिल्मों में शामिल हो गई है. फिल्म मलयालम, तेलुगू समेत हिंदी और कोरियन भाषा में भी रिलीज हुई है. चौथे शनिवार को फिल्म ने कुल 2.20 करोड़ कमाए थे. भारत में फिल्म ने अब तक 87 करोड़ और वर्ल्ड वाइड करीब 66 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है. ऐसे में फिल्म का टोटल कलेक्शन 153 करोड़ हो गया है. 150 करोड़ से ज्यादा की कमाई के साथ ये फिल्म मलयालम सिनेमा के लिए मील का पत्थर साबित हुई है. 150 करोड़ का आंकड़ा पार करने वाली ये पहली मॉलीवुड फिल्म है. 2018' को फिल्म मेकर जूड एंथनी जोसेफ ने डायरेक्ट किया है. फिल्म की कहानी साल 2018 में आई केरल बाढ़ पर आधारित है. टोविनो थॉमस और तन्वी राम फिल्म में लीड स्टार हैं।

# प्रभास की आदिपुरुष का दूसरा गाना राम सिया राम जारी, 16 जून को रिलीज होगी फिल्म

भगवान राम और माता सीता के अद्भुत प्रेम से सजी आदिपुरुष अगले महीने रिलीज होने के लिए तैयार है। प्रभास और कृति सेनन के अभिनय से सजी इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। वहीं, मेकर्स अब एक के बाद एक सॉन्ग्स भी रिलीज किए जा रहे हैं।हाल ही में फिल्म के दूसरे गाने राम सिया राम की छोटी सी झलक दिखाई थी। अब पूरा गाना रिलीज कर दिया गया है। सॉन्ग में राघव बने प्रभास और जानकी बनीं कृति की इमोशनल लव स्टोरी दिखाई गई है। यह गाना दोनों के मिलने से बिछड़ने और फिर से मिलने तक की पूरी कहानी को दिखाता है। सॉन्ग को हिंदी सहित पांच भाषाओं में रिलीज किया गया है। फैंस को आदिपुरुष का राम सिया राम सॉन्ग काफी पसंद आया है। फिल्म का पहला गाना




जय श्री राम करीब आठ दिन पहले रिलीज किया गया था। अब दूसरा गाना सामने आने के बाद फैंस की फिल्म को देखने की एक्साइटमेंट बढ़ गई है। किसी ने फिल्म को अभी से ब्लॉकबस्टर बता दिया, तो किसी ने प्रभास के एक्सप्रेशन्स की तारीफ की है। सॉन्ग को सचेत-परंपरा की जोड़ी ने म्यूजिक दिया है, जबकि मनोज शुक्ला ने गाने के लिरिक्स लिखे हैं। यह गाना हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ भाषा में रिलीज किया गया है।आदिपुरष फिल्म 16 जून को रिलीज हो रही है। फिल्म में प्रभास और कृति के अलावा सैफ अली खान और देवदत्त नागे का अभिनय भी देखने को मिलेगा। सैफ को दर्शक लंकेश का किरदार निभाते हुए देखेंगे। वहीं, देवदत नागे, भगवान हनुमान की भूमिका में नजर आएंगे।बता दें कि यह फिल्म इस साल जनवरी में रिलीज होने वाली थी। मगर खराब वीएफएक्स और सैफ अली खान के लुक को लेकर सोशल मीडिया पर काफी हल्ला मच गया था। इसको देखते हुए मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट जून तक के लिए टाल दी। कुछ बदलाव के बाद फिल्म को 16 जून को रिलीज किया जा रहा है।




# स्कूल ऑफ लाइज की कहानी सुन खुद को हां करने से रोक नहीं पाई : निमरत कौर

ओटीटी सीरीज स्कूल ऑफ लाइज को लेकर चर्चा बटोर रहीं एक्ट्रेस निमरत कौर ने स्ट्रीमिंग सीरीज के लिए हां कहने को लेकर राज खोला। यह शो उनके पास तब आया जब वह बिल्कुल अलग चीज की तलाश कर रही थीं, लेकिन इसकी कहानी से इंप्रेस होकर निमरत हां करने से खुद को रोक नहीं पाईं।शो के बारे में बात करते हुए, निमरत ने कहा, जबकि मैं कुछ अलग प्रोजेक्ट की तलाश कर रही थी, तब मेरे पास स्कूल ऑफ लाइज का ऑफर आया, जिसने मुझे अपनी ओर खींचा। यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण कहानी है जिसे बताने की जरूरत है, और इसका हिस्सा बनने के लिए बहुत खुश हूं। मैं हमेशा अविनाश अरुण के काम की बहुत बड़ी प्रशंसक रही हूं, उनकी बहुप्रतीक्षित मराठी फिल्म किला के दिनों से ही उनके साथ काम करना चाहती थी।यह शो, जिसमें आमिर बशीर, गीतिका विद्या ओहल्यान, सोनाली कुलकर्णी और जितेंद्र जोशी भी हैं, सच्ची घटनाओं से प्रेरित है और अविनाश अरुण धावरे द्वारा निर्देशित ईशानी बनर्जी और अविनाश अरुण धावरे द्वारा निर्मित है। बीबीसी स्टूडियोज द्वारा निर्मित स्कूल ऑफ लाइज 2 जून से डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीमिंग होगी।



# रवि तेजा की टाइगर नागेश्वर राव का फर्स्ट लुक जारी




रवि तेजा की फिल्म टाइगर नागेश्वर राव का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। फिल्म का फर्स्ट लुक वीडियो तमिल, तेलुगू, कन्नड़, मलयालम और हिंदी में रिलीज किया गया है। फर्स्ट-लुक मोशन टीजर के हिंदी वर्जन को एक्शन स्टार जॉन अब्राहम ने डब किया है।रवि तेजा ने टीजर को अपने सोशल मीडिया पर साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, नाम- नागेश्वर राव। गांव- स्टुअर्टपुरम! आप सभी का मेरे क्षेत्र में स्वागत है, द टाइगर जोन। यहां देखिए हैशटैग टाइगरनागेश्वर राव का फर्स्ट लुक। इस 20 अक्टूबर को सिनेमाघरों में मिलते हैं। निर्माताओं ने फर्स्ट-लुक पोस्टर भी जारी किया। रवि तेजा घनी दाढ़ी के साथ टाइगर की तरह रोर करते दिख रहे हैं। वामसी के डायरेक्शन में बनी पीरियड फिल्म कुख्यात चोर टाइगर नागेश्वर राव के जीवन पर आधारित है। आने वाले ड्रामा को 70 के दशक में सेट किया गया है। फिल्म में नूपुर सैनन, गायत्री भारद्वाज, अनुपम खेर, रेणु देसाई और जीशु सेनगुप्ता भी मुख्य भूमिकाओं में हैं।


# कुमकुम भाग्य' में आलिया के रूप में तूफान लेकर आ रही रेहाना पंडित

एक्ट्रेस रेहाना पंडित 4 महीने बाद टीवी शो कुमकुम भाग्य' में वापसी करने के लिए तैयार हैं। वह शो में आलिया के किरदार में वापसी करेंगी। हाल के एपिसोड्स में, दर्शकों ने देखा कि कैसे रणबीर ने खुशी को सबसे दूर ले जाने की कोशिश की लेकिन पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। जबकि प्राची हमेशा रणबीर के फैसले के खिलाफ रही है, वह पुलिस स्टेशन में रणबीर के साथ बहस करती है।अपनी वापसी के साथ, आलिया प्राची के खिलाफ रिया का ब्रेनवॉश करने की कोशिश करती नजर आएंगी और उसे प्लान बनाने और रणबीर को उसके जीवन में वापस लाने के लिए उकसाएगी।शो में अपनी वापसी के बारे में बात करते हुए, रेहाना पंडित ने कहा मैं 4 महीने बाद शो में वापस आने के लिए उत्साहित हूं। मेरा किरदार आलिया मेरे दिल के बहुत करीब है। शो में मेरी एंट्री हो चुकी है और मैं निश्चित रूप से कह सकती हूं कि मैं धमाकेदार एंट्री कर रही हूं। आलिया इस बार तूफान लेकर आने वाली है और यह वाकई दर्शकों के लिए देखने लायक होगा।शो में उनके लुक में भी काफी बदलाव आने वाला है। लीप से पहले उनका लुक बेहद ग्लैमरस था, लेकिन अब वह सिंपल पठानी सूट में नजर आएंगी।एक्ट्रेस ने आगे कहा मैं एक नए अवतार में फिर से एंट्री कर रही हूं, मैं अब ग्लैमरस आउटफिट्स में नहीं दिखूंगी, अब मैं सिंपल, डिसेंट पठानी सूट में नजर आऊंगी। मुझे उम्मीद है कि दर्शक शो में मेरे नए लुक को पसंद करेंगे और हम पर अपना प्यार बरसाते रहेंगे।कुमकुम भाग्य' हर सोमवार से रविवार रात 9 बजे जी टीवी पर प्रसारित होता है।



# सैनिक की बहादुरी पर प्रेरक फिल्म फौजा एक जून को रिलीज को तैयार

हरियाणा के अंदर इलाकों में फिल्माई गई एक जवान के जीवन पर बनी फिल्म फौजा 1 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।पवन मल्होत्रा अभिनीत फिल्म मुख्य रूप से कार्तिक डम्मू के इर्द-गिर्द घूमती है, जो नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा का पूर्व छात्र हैं। पवन मल्होत्रा को पहले सायंतन मुखर्जी वेब सीरीज रे में देखा गया था।कार्तिक फिल्म में स्टूडेंट लाइफ जीते हुए दिखाई देंगे। कार्तिक कहते हैं, आज की तेज-तर्रार और प्रतिस्पर्धी कॉर्पोरेट दुनिया में, किसी के पेशेवर जीवन और व्यक्तिगत जुनून के बीच एक सामंजस्यपूर्ण संतुलन खोजना एक कठिन काम है।कार्तिक ने कहा, कई व्यक्ति अपने करियर की मांगों को पूरा करने और अपने व्यक्तिगत हितों को आगे बढ़ाने के बीच तालमेल बिठाने के लिए संघर्ष करते हैं। सावधानीपूर्वक योजना, प्रभावी समय प्रबंधन और आत्म-जागरूकता की एक मजबूत भावना के साथ, एक पूर्ण जीवन बनाना संभव है जो कॉर्पोरेट सफलता और व्यक्तिगत जुनून दोनों को जोड़ती है। फौजा में कार्तिक के पिता की भूमिका निभाने वाले पवन मल्होत्रा एक जाने-माने अभिनेता हैं, जो पंजाबी और तेलुगु सिनेमा के अलावा हिंदी फिल्मों और टीवी में भी काम करते हैं। उन्हें फिल्मफेयर ओटीटी अवार्ड और फिल्मफेयर साउथ अवार्ड सहित कई पुरस्कार मिले हैं।पवन ने बुद्धदेव दासगुप्ता की राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता बाग बहादुर और सईद अख्तर मिर्ज़ा की सलीम लंगड़े पे मत रो में मुख्य भूमिकाएं निभाई हैं, दोनों 1989 में रिलीज हुई थीं।वह तेलुगु ब्लॉकबस्टर आइथे (2003) में माफिया डॉन इरफान खान की भूमिका निभाने के लिए और ब्लैक फ्राइडे (2004) में टाइगर मेमन के रूप में प्रसिद्ध हैं। 2005 में, पवन ने तेलुगु फिल्म अनुकोकुंडा ओका रोजू में एक तांत्रिक के रूप में काम किया। वह सोनीलिव की वेब सीरीज तब्बर (2021) का भी हिस्सा रहे।जोगी मल्लंग, जो फौजा में एक पर्यवेक्षक की भूमिका निभाते हैं, एक प्रतिष्ठित कास्टिंग निर्देशक हैं, जिन्होंने बॉलीवुड में कास्टिंग निर्देशकों की अवधारणा पेश की और कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय परियोजनाओं के लिए यथार्थवादी




कास्टिंग के साथ अपनी छाप छोड़ी।मल्लंग तीन दशक से भी अधिक समय से रंगमंच की पृष्ठभूमि के साथ एक उत्कृष्ट अभिनेता भी हैं, और उन्होंने सभी प्रमुख भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय स्थानों पर प्रदर्शन किया है। फिल्म में सलमान अली द्वारा गाए गए दिलकश गाने भी हैं। जी म्यूजिक कंपनी ने फौजा का ऑफिशियल टीजर रिलीज कर दिया है।

# विश्व तम्बाकू निषेध दिवस मनाया गया

## शहर में रैली निकालकर तंबाकू से दूर रहने का दिया संदेश

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1 की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आज विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर शहर में जनजागरुकता रैली निकाली गई, जिसके माध्यम से तंबाकू सेवन के दुष्परिणामों से लोगों को अवगत कराते हुए तंबाकू से दूर रहने का संदेश दिया गया। छात्र-छात्राएं तख्तियों पर लिखे नारे लगा रहे थे। तंबाकू को जिसने गले लगाया मौत को उसने पास बुलाया, तंबाकू का नशा - अनमोल जीवन की दुर्दशा, नशा छोड़ो -घर जोड़ो। रैली विद्यालय से शुरू हुई और जिला चिकत्सालय, खंडा रोड, परेड चौराहा और शास्त्री चौराहे होते हुए उत्कृष्ट विद्यालय पर समाप्त हुई, जहां एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. धीरज सिंह गुर्जर द्वारा उपस्थिति जनों को तम्बाकू एवम उससे बने उत्पादों का सेवन न करने की शपथ दिलाई गई।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य पी एस चौहान ने की तथा मुख्य अथिति एवं वक्ता की हैसियत से श्रीमती भागवंतीबाई शिक्षा प्रसार समिति के सचिव समाजसेवी शशिकांत शर्मा उपस्थित रहे। शशिकांत शर्मा ने कहा तंबाकू आज व्यक्ति के स्वास्थ्य, इसमाज और पर्यावरण के लिए सबसे बड़ा खतरा है। उसके सेवन से व्यक्ति को जहां कई प्रकार की बीमारियां हो जाती हैं, इवहीं पर्यावरण भी बुरी तरह से प्रदूषित होता



जा रहा है। तंबाकू सेवन से कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी के अलावा फेंफड़े, ह्रदय, मस्तिष्क तथा रक्त संबधी कई रोग हो जाते हैं। तंबाकू में मौजूद निकोटिन शरीर के हर अंग को प्रभावित करता है। उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश में 35 प्रतिषत युवा किसी न किसी रूप में तंबाकू का सेवन करते है,वो चाहे बीड़ी, सिगरेट के धूम्रपान या फिर जर्दा खैनी, मोनी गुटका या मीठी सुपारी के रूप में हो यह हमारी पीढ़ी के लिए चिंता का विषय है। भारत सरकार ने तंबाकू के बढ़ते उपयोग को रोकने के लिए तंबाकू नियंत्रण कानून 2003 पारित कर दिया है। इसका उल्लंघन करने वालों पर जुर्माने का प्रावधान किया गया है। प्राचार्य श्री चौहान ने कहा कि तंबाकू जानलेवा है, इसके सेवन से हम स्वयं बचे और अपने परिवार एवं समाज को बचाएं। शिक्षा संस्थानों के आसपास 100 गज के दायरे में तंबाकू विक्रय पर शासन द्वारा रोक है, सार्वजनिक स्थानों पर भी धूम्रपान करना निषिद्ध है, उल्लंघन करने वालो पर 200 रुपए का जुर्माने का प्रावधान है। तंबाकू पूरे जीवन चक्र में हमारे ग्रह को प्रदूषित करता है और लोगों के स्वास्थ्य को नुक्सान पहुंचाता है। डॉ. धीरज गुर्जर ने जानकारी देते हुए बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 1987 में तंबाकू निषेध दिवस मनाने की शुरुआत की। पूरी दुनियां में प्रतिवर्ष लगभग 60 लाख लोगों की मृत्यु सिर्फ तंबाकू प्रयोग के कारण होती है यानी प्रति मिनिट 10 मौतें तंबाकू सेवन की वजह से होती है। डब्लू.एच.ओ. द्वारा इस वर्ष तंबाकू निषेध दिवस 2023 की थीम म दममक विवक, दवज जवइंबबव यानी सबको भोजन की आवश्यकता है,तंबाकू की नहीं प्रखी गई है। अतः हम सब अपने बच्चों और परिवार की बेहतर परवरिश करते हुए उन्हें तंबाकू जैसे जहर से दूर रखें। बच्चों में यह लत बड़ो एवं मित्रों से ही लगती है।



## श्री गौड़ विश्वकर्मा समाज विकास आदर्श विवाह समिति ग्वालियर द्वारा 22वां सामूहिक आदर्श विवाह सम्मेलन का हुआ आयोजन

उप संपादक महेंद्र शर्मा



**ग्वालियर।** ग्वालियर के मेला ग्राउंड में विश्वकर्मा समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमे समाज कि 6 कन्याओं का विवाह संपन्न हुआ।विवाह सम्मेलन के मुख्य अतिथि ग्वालियर महापौर श्री मति सोभा सिकरवार,प्रसिद्ध कथा व्यास सपना विश्वकर्मा सहित समाज के साधु संत गडमान्य नागरिकों की उपस्थिति में सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया।विवाह सम्मेलन के संरक्षक श्री लखनलाल गौड़,अध्यक्ष श्री रामलखन गौड ने समाज के साधु संतो, कई जगह की कमेटी एवं विश्वकर्मा जन संगठन के पदाधिकारियों का मंच पर पुस्प माला पहनाकर कर स्वागत किया ।सम्मेलन समिति पाधाधिकारियो ने श्री मति सुनीता विश्वकर्मा (कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा विश्वकर्मा जन संगठन द्वश्च) का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया इस बीच डॉ.बेताल सिंह विश्वकर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष विश्वकर्मा जन संगठन मध्य प्रदेश मनोज विश्वकर्मा प्रदेश सचिव विश्वकर्मा जन संगठन आदि लोगों का भी विवाह सम्मेलन की समिति द्वारा स्वागत सम्मान किया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. बेताल विश्वकर्मा , मौ नगर अध्यक्ष डॉ.गोविंद विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष राजीव विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष कार्तिकेय विश्वकर्मा, हेमंत विश्वकर्मा, सौरभ विश्वकर्मा, उग्रसेन विश्वकर्मा, संजीव विश्वकर्मा एवं समस्त मौ कमेटी द्वारा सभी छह जोड़ो को उपहार स्वरूप दीवाल घड़ी भेंट कर सभी नवदंपत्य जोड़ो को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## ग्वालियर पुलिस ने सेवानिवृत्त हुए पुलिस अधिकारी व कर्मियों को शॉल एवं श्रीफल देकर दी विदाई

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर। दिनांक को पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री राजेश सिंह चंदेल,भापुसे द्वारा पुलिस विभाग से सेवानिवृत हुए पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों को भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ग्वालियर के साथ रक्षित निरीक्षक श्री सत्य प्रकाश मिश्रा, सूबेदार अजय राजावत सहित समस्त कार्यालयीन स्टाफ उपस्थित रहा। आज पुलिस कन्ट्रोल रूम ग्वालियर सभागार में पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हो रहे पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों के लिये विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस अधीक्षक ग्वालियर द्वारा पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त हो रहे पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों को सर्टिफिकेट, शॉल श्रीफल व ट्रैवलर वेग देकर विदाई दी गई। पुलिस अधीक्षक, ग्वालियर ने सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों से नौकरी के दौरान उनके अनुभवों को भी साझा किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक, ग्वालियर



ने सेवानिवृत्त हुए पुलिसकर्मियों से उनके भविष्य के कार्यकलापों के बारे में जाना तथा उनको सेवानिवृत्त उपरांत स्वयं को सामाजिक कार्यों में व्यस्त करने की सलाह दी जिससे अभी तक रही व्यस्तता की दिनचर्या से बाहर निकलने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम के समापन पर पुलिस अधीक्षक, ग्वालियर ने आज सेवानिवृत्त हो रहे पुलिसकर्मियों को शॉल श्रीफल व ट्रैवलर वेग भेंटकर उनके बेहतर स्वास्थ्य व उज्जवल भविष्य की कामना की। पुलिस अधीक्षक, ग्वालियर द्वारा सेवानिवृत्त हो रहे सभी अधिकारी एंव कर्मचारियों से उनकी सेवाकाल के दौरान किये गये कार्यो की जानकारी ली गई साथ ही उनके द्वारा किये गये कार्यो की सराहना की गई। सेवानिवृत होने वाले पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारीगण इस प्रकार है- उपनिरीक्षक नेलसन तिर्की, उपनिरीक्षक नरेश सिंह भदौरिया, उपनिरीक्षक सुरेन्द्र पाल सिंह, सउनि. प्रभा शर्मा, सउनि. जयश्री राम सिंह, सउनि. विजय प्रताप सिंह।

## ओवर लोड परिवहन करते वाहनो के विरूद्ध कार्यवाही

### दो 22 चक्का ट्रक से वसूल किये 37000/- रूपये शमन शुल्क

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



भिण्ड । पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देशन में अवैध रेत परिवहन एवं ओवर लोडिग के विरूद्ध कार्यवाही हेतु दिये गये निर्देशों के अनुकम में अरविन्द शाह उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय भिण्ड के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी भारौली अनीता गुर्जर एवं उनकी टीम द्वारा दिनांक 30/05/2023 वाहन चैकिंग के दौरान 22 चक्का ट्रक नम्बर आरजे 11जीसी 2418 एवं आरजे 11जीसी 2419 को ओवर लोडिंग रेत परिवहन करने पाये जाने पर दोनों वाहनो के विरूद्ध 113,194 (1) 7 एम.व्ही.एक्ट के तहत कर्मश 18000 /- रूपय एवं 19000, कुल 37000 /- रूपय का शमन शुल्क वसूल किया गया ।

## गर्मी में मस्ती की पाठशाला आओ खेले नाचे गाये समर कैंप का रंगारंग कार्यक्रम के साथ हुआ समापन

संवाददाता हेमचंद नागेश





**गरियाबंद**-प्राथमिक शाला किसान पारा गरियाबंद में ब्लॉक स्तरीय समर कैंप का समापन किया गया यह समर कैंप गरियाबंद के सभी सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले कक्षा 1 से 8 तक के, 6 से 14 वर्ष के सभी बच्चों के साथ 20दिनों तक चलाया गया, यह समर कैंप पूर्णता निशुल्क था, तथा इसमें बच्चों के लिए जुंबा डांस, नृत्य, ड्राइंग पेंटिंग हिंदी अंग्रेजी विषय लेखन पठन कौशल विकास, आर्ट एवं पेपर क्राफ्ट, मेहंदी का प्रशिक्षण दिया गया। इस परीक्षण के लिए समस्त सामग्री एवं आयोजन की पूर्ण व्यवस्था विकासखंड स्त्रोत कार्यालय के द्वारा की गयी। आज के समर कैंप के समापन में मुख्यअतिथि डी एम सी श्याम चंद्राकर विकासखंड समन्वयक तेजश शर्मा, संकुल समन्वयक एनके वर्मा अधिशिका श्रीमती अमीता मेंढी, श्रीमती जानकी निर्मलकर , निर्मला सिरमौर मृदुला निर्मलकर एवं प्रधान पाठक किसानपारा प्रधान पाठक पी एल आरना सर बी एस ठाकुर उपस्थित थे। श्री चंद्राकर ने अपने संबोधन में कहा कि इस समर कैंप से बच्चे जो भी सिखाया गया हैं वह अपने आसपास बच्चों को भी सिखाए तथा इसी तरह से अगले 15 दिन भी अपने घर पर क्राफ्ट से या जो भी उनकी पसंद की चीजें हैं,वे अपने खाली टाइम में उपयोग करे।

**शिक्षिका इंद्रप्रीत कौर कुकरेजा ने बतलाया**- शिक्षा के साथ कला और संस्कृति का हर व्यक्ति के जीवन में विशेष महत्व होता है। साथ ही उनके द्वारा प्रशिक्षित बच्चों ने देशभक्ति और जीवन को प्रफुल्लित करने वाले गीत भी सुनाए और सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ नृत्य भी किया अतिथियों ने कला संगीत, क्राफ्ट, म्यूजिक, आर्ट में भाग लेने वाले सभी बच्चों को प्रमाण पत्र, प्रतीक चिन्ह एवं उपहार दिए। इस समर कैंप को 20 दिनों तक सुचारू रूप से जिम्मेदारी पूर्वक संचालित करने वाले शिक्षिका इंदरप्रीत कौर कुकरेजा, नीता सर्वा, प्रतिभा साकरिया, ईश्वरी सिन्हा, किरण ध्रुव, तानेश्वरी ठाकुर, सत रूपा बिप्रे, ईश्वरी कश्यप, श्रद्धा साहू, आरती सोनवानी, विद्या सेन, शिवकुमार साहू साथ ही वालिंटियर के रूप में खुशबू , शिवांगी, उदिता,कनिष्का और धारणा आदि बच्चों ने विशेष योगदान दिया।साथ ही समर कैंप में सम्मिलित 92 बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया । समर कैंप प्राथमिक शाला किसान पारा गरियाबंद में 12 मई से 31 म?ई तक प्रतिदिन सुबह 9 बजे से 11 बजे तक चलाया गया ।

## भाजपा के राज में थमा विकास का पहिया:डॉ. सिकरवार

### कांग्रेस की 'हाथ से हाथ जोडो' पद यात्रा

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर। 16 ग्वालियर पूर्व विधानसभा के गोला का मंदिर ब्लॉक में आज शाम 6 बजे वार्ड 19 के जडेरूआ रोड दाने बाबा पर कांग्रेस के जिला पदाधिकारी, ब्लॉक पदाधिकारी, मण्डल पदाधिकारी, सेक्टर पदाधिकारी, कांग्रेस पार्षद एवं सैक?ों कार्यकर्ता एकत्रित हुये, यहां से विधायक डॉ. सतीश सिकरवार के नेतृत्व में 'हाथ से हाथ जोडो' पद यात्रा बृहद स्तर पर शुरू हुई। कांग्रेस कार्यकर्ता पार्टी के झंडे हाथों में लेकर चल रहे थे। यात्रा जडेरूआ रोड दाने बाबा से प्रारम्भ होकर गायत्री विहार, प्रीतम विहार, गणेश कॉलोनी की समस्त गलियों में घर-घर पहुंची और जनता से सीधे संपर्क कर भाजपा द्वारा चलाई जा रही जनविरोधी नीतिओं के बारे में बताया। इस दौरान विधायक डॉ.सिकरवार का पुष?पहार पहनाकर जगह-जगह जोरदार स्वागत किया। यात्रा के दौरान विधायक डॉ. सिकरवार ने जनता को संबोधित



करते हुये कहा कि भाजपा के राज में विकास का पहिया थम गया है, सिर्फ झूठी घोषणायें करना भाजपा की आदत में शुमार है। आज-कल जितनी घोषणायें हो रही है, उनके लिये न कोई बजट बनाया गया है और न कोई धरातल पर कार्य नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार लगातार गरीबों का हक छीनने का काम कर रही है। महंगाई, बैरोजगारी, बिजली की समस्या, व्यापारियों के हितों पर कुठाराघात किया जा रहा है। डीजल-पेट्रोल एवं रसोई गैस के दामों में हो रही मूल्य वृद्धि ने आमलोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। उन्होने कहा कि सत्ता रूढ भाजपा विकास में बाधक बन रही है और कांग्रेस पार्टी की रिति-नीति जनता के सुख-दुखः में हमेशा साथ खड़े रहना है। 'हाथ से हाथ जोडो' पद यात्रा में दौरान विधायक डॉ. सिकरवार के साथ वरिष्ठ नेता बलवीर सिंह तोमर, चर्तुभुज धनोलिया, रामबाबू श्रीवास, गौरव तिवारी, हितेन्द्र यादव, गौरव भदौरिया, राजा भदौरिया, कल्लू तोमर, राजेश तोमर, छोटू तोमर, दौलत खान, सागरनाती, ओमी यादव, श्रीमती सीमा समाधिया, वीणा भारद्वाज, संजना राजावत, नीतू चौहान आदि मौजूद रहे।

## वन कर्मचारी संघ ने प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन बल प्रमुख छत्तीसगढ के नाम से सौंपा ज्ञापन

संवाददाता हेमचंद नागेश

गरियाबंद। गरियाबंद वर्तमान में छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ कार्यालय द्वारा संघ कार्यलाय के लिए स्वीकृत 180 पदों पर संविदा नियुक्ति से भरे जाने की प्रक्रिया प्रचलन में है।पूर्व में वन विभाग के वनपाल से उपवनक्षेत्रपाल के पद पर पदोन्नति कर्मचारी की प्रतिनियुक्ति पर लघु वनोपज संघ में भेजा जाना है।संघ में एक वर्ष प्रतिनियुक्ति पर लेना अवधि पूर्ण करने उपरांत मूल विभाग रिक्त पदों पर वरीयता अनुसार वापसी किया जाता है। जारी



विज्ञापन अनुसार संविदा भर्ती किए जाने से 340 कर्मचारीयों की पदोन्नति प्रभावित होगी। पूर्व की भांति प्रतिनियुक्ति पर कर्मचारियों की पदोन्नति प्रभावित होगी। पूर्व की भांति प्रतिनियुक्ति पर कर्मचारीयों की सेवाएं दिया जावे ताकि निरंतर पदोन्नति का लाभ मिलता रहे। इसके लिए वनकर्मचारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष मूलचंद शर्मा,संभागीय अध्यक्ष संतोष सामतराय के मार्गदर्शन से छत्तीसगढ़ वन कर्मचारी संघ जिला शाखा गरियाबंद जिला अध्यक्ष डोमार सिंह कश्यप, सचिव दिनेशचंद्रपात्र, उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष अजय कुमार चेलक तथा जिला पदाधिकारी के साथ प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख एवं प्रबंध संचालक राज्य वनोपज छ.ग. के नाम वन मंडलाअधिकारी गरियाबन्द मणिवासगन एस तथा उप निदेशक उदंती सीतानादी टाइगर रिजर्व गरियाबंद वरुण जैन के माध्यम से गुरुवार को ज्ञापन सौंपा गया।

# गत दिवस कानपुर में आयोजित साहित्य समारोह में हुआ ग्वालियर के साहित्यकारों का सम्मान

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर। गत दिवस कानपुर में आयोजित साहित्य



समारोह, कवि अशोक गुप्त अचानक की नवीन कृति सुख दरवाजे खड़ा हुआ काव्य संग्रह के लोकार्पण पर ग्वालियर के तीन साहित्यकारों घनश्याम भारती, सुरेंद्र पाल सिंह कुशवाहा एवं राम चरण चिराड़÷ रुचिर को आमंत्रित किया गया एवं शॉल , श्रीफल पुष्पहार एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सभी का सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ए.के पद्मेश ने की, मुख्य अतिथि के रूप में गीत ऋषि सोम ठाकुर मंचासीन रहे। ग्वालियर के साहित्यकारों ने भी उनके साथ मंच साझा किया। पुस्तक के लोकार्पण पर साहित्यकारों ने अपने अपने विचार प्रस्तुत किए।

गीतकार डॉ. सोम ठाकुर ने उक्त अवसर पर पुस्तक पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा यह पुस्तक जीवन में घटित घटनाओं को लेकर कवि अशोक अचानक के सुंदर भावों का प्रकटीकरण है।इसी क्रम में उन्हें अपने गीत भी प्रस्तुत किए । ग्वालियर के साहित्यकारों में, सुरेंद्र पाल सिंह कुशवाहा ने कहा, अशोक गुप्त अचानक की कृति सुख दरवाजे खड़ा हुआ आज के संदर्भ में अत्यंत समीचीन है। यह प्रयास तब सफल हो जाता है, जब पुस्तक का प्रथम गीत मां को समर्पित होता है। संसार में मां ही सबसे बड़ा सुख का आधार है। इस तरह कवि ने मां को प्रथम स्थान देकर सुख को दरवाजे खड़े होने पर वाध्य किया है। कवि राम चरण रुचिर ने पुस्तक पर अपने भाव व्यक्त करते हुए कहा, कवि अशोक गुप्तअचानक का काव्य संग्रह ÷सुख दरवाजे खड़ा ÷ उनके समग्र जीवन के घटनाक्रमों, अनुभवों, भारतीय परंपराओं के प्रकटीकरण, और अपने काव्य जीवन का परिचय देते हुए झन्झाबातों के साथ अंतस के भावों, जीवन के अनुभवों, आदर्शों को प्रकट करता हुआ सुंदर पुष्प गुच्छ की तरह सुसज्जित अनुपम काव्य कृति है। कवि अशोक गुप्त अचानक को हार्दिक बधाई एवं साधुवाद। कार्यक्रम का



संचालन करते हुए ग्वालियर के गीतकार घनश्याम भारती ने भी अपने विचार प्रकट करते हुए कहा, कवि अशोक गुप्त अचानक की काव्य कृति सुख दरवाजे खड़ा हुआ के लोकार्पण पर भावभीनी शुभकामनाएं, यह काव्य संग्रह कविता के विभिन्न रंगों को समेटे हुए सकारात्मक मूल्यों की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर अनेक साहित्यकारों अपने अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में अनेक साहित्यकार एवं गणमान्य जन भारी संख्या में उपस्थित रहे। अंत में सभी का आभार प्रदर्शन कवि अशोक गुप्त अचानक ने किया। कार्यक्रम बहुत ही सराहनीय एवं अविस्मरणीय रहा।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478